Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -109 शनिवार ,18 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

खाने और सोने का नाम जीवन नहीं है। जीवन तो सदैव आगे बढ़ने का नाम है।

-प्रेमचंद-

# शिंदे की जीत,उद्धव से छिनी सेना और तीर-कमान




**मुम्बई,17 फरवरी 2023(ए)।** चुनाव आयोग शिवसेना पर अहम फैसले के कारण सुर्खियों में है। उद्धव ठाकरे पर सीएम एकनाथ शिंदे भारी पड़े। चुनाव आयोग ने कहा, शिवसेना का तीर-कमान का निशान शिंदे गुट का है। बता दें कि शिंदे ने शिवसेना से बगावत के बाद बीजेपी के समर्थन से सरकार बनाई थी। इस मामले में उद्धव ठाकरे गुट का दावा था कि पार्टी का चुनाव चिह्न उनके पास होना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट तक हुई लड़ाई

शुक्रवार को भारत के चुनाव आयोग ने कहा, पार्टी का नाम शिवसेना और प्रतीक धनुष और तीर एकनाथ शिंदे गुट के पास रहेगा। बता दें कि इस दिलचस्प सियासी रार की शुरुआत उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने के बाद हुई थी। शिवसेना दो फाड़ (एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट) होने के बाद पार्टी के चुनाव चिह्न धनुष और तीर के निशान की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी गई।

### शिवसेना का संविधान अलोकतांत्रिक!

अंतिम फैसला चुनाव आयोग को करना था। आयोग ने पाया कि शिवसेना पार्टी का वर्तमान संविधान अलोकतांत्रिक है। बिना किसी चुनाव के पदाधिकारियों के रूप में एक मंडली के लोगों को अलोकतांत्रिक रूप से नियुक्त करने के लिए इसे विकृत कर दिया गया है। इस तरह की पार्टी संरचना विश्वास को प्रेरित करने में विफल रहती है।

### अपनी वेबसाइट पर जानकारी दें राजनीतिक दल

राजनीतिक दलों और उनके आचरण पर दूरगामी प्रभाव वाले इस ऐतिहासिक निर्णय में, ईसीआई ने सभी राजनीतिक दलों को सलाह दी कि वे लोकतांत्रिक लोकाचार और आंतरिक पार्टी लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार काम करें। नियमित रूप से अपनी संबंधित वेबसाइटों पर पार्टी के आंतरिक कामकाज के पहलुओं का खुलासा करें। इसमें संगठनात्मक विवरण, चुनाव कराना, पार्टी के संविधान की प्रति और पदाधिकारियों की सूची जैसे विवरण शामिल हों।

### पार्टी के संविधान संशोधन पर क्या बोला ईसीआई

चुनाव आयोग ने कहा, ÷राजनीतिक दलों के संविधान में पदाधिकारियों के पदों के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव और आंतरिक विवादों के समाधान के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रक्रिया होनी चाहिए। इन प्रक्रियाओं में संशोधन करना मुश्किल होना चाहिए। संशोधन संगठनात्मक सदस्यों के बड़े समर्थन के बाद ही सुनिश्चित होना चाहिए।÷

### 24 साल पुरानी बात,ईसीआई ने शिवसेना को आईना दिखाया

ईसीआई ने कहा, 2018 में संशोधित शिवसेना का संविधान चुनाव आयोग को नहीं दिया गया। संशोधन के बाद 1999 के पार्टी संविधान में लोकतांत्रिक मानदंडों को पेश करने के कार्य को पूर्ववत कर दिया था। आयोग के आग्रह पर स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना के संविधान में संशोधन किए थे।÷ शिवसेना के मूल संविधान के अलोकतांत्रिक मानदंडों को रेखांकित करते हुए चुनाव आयोग ने सख्त लहजे में कहा, 1999 में आयोग ने इसे स्वीकार नहीं किया था। इसे गुप्त तरीके से वापस लाया गया है, जिससे पार्टी एक जागीर के समान हो गई है।

### राजनीतिक पार्टियों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर ईसीआई

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर भी टिप्पणी की। ईसीआई ने कहा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी एक ऐसा निकाय है जिसका %निर्वाचिन% आम तौर पर %नियुक्त% की गई प्रतिनिधि सभा के माध्यम से होता है। आयोग ने वर्ष 1999 में बाला साहेब को आजीवन सेना का नेता बनाए जाने पर मसौदा संशोधनों का जिक्र कर शिवसेना से कहा, संक्षेप में कहें तो, पार्टी संविधान में अध्यक्ष द्वारा निर्वाचक मंडल को नामांकित करने की परिकल्पना की गई है, उन्हें ही पार्टी अध्यक्ष चुनना है। इसलिए, वर्तमान विवाद के मामले को निर्धारित करने के लिए पार्टी संविधान की परीक्षा पर कोई भी भरोसा अलोकतांत्रिक होगा और पार्टियों में इस तरह की प्रथाओं को फैलाने में भी मददगार साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुच्छेद 370 पर फिर से बहस शुरू



#### सुप्रीम कोर्ट दायर याचिकाओं को लिस्ट करने पर करेगा विचार

**नई दिल्ली ,17 फरवरी 2023(ए)।** जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ एक बार फिर से बहस शुरू हो गई है। इस मामले में अलग-अलग कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई हैं।अब शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वो अनुच्छेद 370 रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। इसके लिए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने मांग की थी। इसपर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'ठीक है, मैं इसपर फैसला लूंगा।'

### लीज रद्द,आजम खां के स्कूल परिसर को खाली करने को कहा



**रामपुर ,17 फरवरी 2023(ए)।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के जौहर ट्रस्ट द्वारा संचालित रामपुर पब्लिक स्कूल के प्रबंधन को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने को कहा गया है। स्कूल की जमीन का पट्टा हाल ही में रद्द कर दिया गया था और जिला प्रशासन ने इस संबंध में प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। सदर अनुविभागीय मजिस्ट्रेट निरंकार सिंह ने कहा कि जौहर ट्रस्ट के प्रबंधक को दो सप्ताह के भीतर रामपुर पब्लिक स्कूल खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है।

# भारत में संचालन के अनुरूप बीबीसी ने नहीं दिखाई अपनी आय

### टैक्स नही देने का आरोप

**नई दिल्ली ,17 फरवरी 2023 (ए)।** तीन दिनों तक बीबीसी के मुंबई व दिल्ली दफ्तरों में इनकम टैक्स विभाग की तरफ से किए गए सर्वे में बड़ा खुलासा हुआ है। इनकम टैक्स विभाग ने सर्वे के बाद बताया कि भारत में अपने संचालन के अनुरूप बीबीसी ने अपनी आय व लाभ का खुलासा नहीं किया। सर्वे में ट्रांसफर प्राइसिंग दस्तावेज के प्रस्तुतिकरण में भी कई खामियां पाई गई।

विभाग ने अपनी जांच में पाया कि कुछ खास प्राप्तियों पर बीबीसी की तरफ से टैक्स का भुगतान नहीं किया गया और उन प्राप्तियों का खुलासा तक नहीं किया गया था। सर्वे के दौरान इनकम टैक्स विभाग ने बीबीसी के कर्मचारियों के बयान के साथ डिजिटल व दस्तावेजी साक्ष्य भी इकट्ठा किए और इनकी जांच आगे जारी रहेगी।




विभाग ने कहा कि सिर्फ उन्हीं लोगों के बयान दर्ज किए गए जो वित्तीय व कंटेंट डेवलपमेंट के लिहाज से महत्वपूर्ण थे। विभाग ने यह भी बताया कि बीबीसी की तरफ से दस्तावेज प्रस्तुत करने में कई चालाकी की भी कोशिश की गई। हालांकि, विभाग की तरफ से सर्वे के दौरान बीबीसी मीडिया व चैनल के काम में बाधा नहीं आने का भी पूरा ख्याल रखा गया।

इनकम टैक्स विभाग ने बताया कि बीबीसी भारत में अंग्रेजी, हिन्दी व कई अन्य भारतीय भाषाओं में कंटेंट डेवलपमेंट से लेकर विज्ञापन बिक्री एवं मार्केट संबंधी सेवा देने का काम करता है, लेकिन समूह की तरफ से अपनी जो आय व लाभ दिखाए गए, वे भारत में उनके संचालन के स्तर के अनुरूप नहीं थे। सर्वे के दौरान कई ऐसे भी साक्ष्य मिले जिससे पता चला कि समूह ने कई आय का खुलासा ही नहीं किया और उन पर कोई टैक्स भी नहीं दिया गया। कई प्राप्तियों पर कंपनी पर विथहोल्डिंग टैक्स बनता था, लेकिन उसे नहीं दिया गया।

इन मामलों में बीबीसी को विभाग की तरफ से पहले भी कई नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन बीबीसी की तरफ से बार-बार इनकम टैक्स नियमों को तोड़ने पर जांच के लिए सर्वे का संचालन किया गया। हालांकि, इस सर्वे को हाल ही में बीबीसी की तरफ से ब्रिटेन में जारी की गई डॉक्युमेंट्री %इंडिया- दि मोदी क्वेश्चन% से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। सरकार की तरफ से इस डॉक्युमेंट्री के प्रसारण पर आपत्ति जाहिर की गई थी और इसे यूट्यूब व ट्वीटर हैंडल से भी हटाने के लिए कहा गया था।

# खालिस्तान टाइगर फोर्स और गजनवी फोर्स आतंकी संगठन घोषित

### हरिंदर सिंह संधू पर भी लगा बैन

**नई दिल्ली ,17 फरवरी 2023 (ए)।** गृह मंत्रालय ने दो उग्रवादों को संगठनों पर बैन लगा दिया है। इन दोनों पर पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का आरोप है।




गृहमंत्रालय ने कहा है कि इन संगठनों का उद्देश्य भारत की क्षेत्रीय अखंडता, एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को चुनौती देना है। इसके साथ पंजाब में लक्षित हत्याओं सहित आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों को बढ़ावा देने में इनकी भूमिका है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बड़ा एक्शन लिया। जिसके तहत कहा गया कि खालिस्तान टाइगर फोर्स (चत्रक्त्र) एक उग्रवादी संगठन है, जिसका उद्देश्य पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करना है। ये संगठन भारत की क्षेत्रीय अखंडता, एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को चुनौती देने के उद्देश्य से सक्रिय है। इसके अलावा ये पंजाब में लक्षित हत्याओं सहित आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों को बढ़ावा देना इसका इसका लक्ष्य है।गृह मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स को घुसपैठ की कोशिशों, नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी और जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम देने में शामिल पाया गया है।

# पूर्व सीएम हरीश रावत की तबीयत बिगड़ी

### देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती

**देहरादून ,17 फरवरी 2023(ए)।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका मेडिकल परीक्षण करने के बाद कार्डियक विभाग में भर्ती कर लिया है। दरअसल हरीश रावत के हाथ पर चोट लगने के कारण सूजन आई है। जिसके चलते रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल पहुंचे थे। इसके साथ ही हरीश रावत डाइजेशन की समस्या से भी जूझ रहे थे, ऐसे में डॉक्टरों की सलाह पर वे अस्पताल में भर्ती हो गए हैं, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।



बताया जा रहा है कि रामनगर से हल्द्वानी जाते हुए लच्छीवाला टोल प्लाजा के बाद उन्हें घबराहट जैसा महसूस हुआ, जिसके बाद वे मैक्स अस्पताल इलाज के लिए पहुंचे थे। वहीं शुक्रवार 10 फरवरी को देहरादून में आयोजित प्रदर्शन के दौरान भी हरीश रावत बेहोश हो गए थे। 10 फरवरी को उत्तराखंड बंद के दौरान कांग्रेस के पैदल मार्च के दौरान ही उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वो बेहोश हो गए थे, जिन्हें पुलिस वाले उठा कर अस्पताल ले गए थे। उसके बाद हरीश रावत ने बयान जारी करते हुए कहा था कि 'नहीं, मुझे किसी स्वास्थ्य समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। पुलिस की धक्का-मुक्की में मुझे चोट लगी है। ऐसा आंदोलन के दौरान होता है। ऐसा नहीं है कि पुलिस ने जानबूझकर कुछ किया है'।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री को मिली अग्रिम जमानत

**ठाणे ,17 फरवरी 2023(ए)।** ठाणे की एक सत्र अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड को शुक्रवार को ठाणे नगर निकाय के एक अधिकारी पर हमले के मामले में अग्रिम जमानत दी। नौपाड़ा पुलिस ने ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के सहायक नगर आयुक्त महेश अहेर पर हमले के सिलसिले में बुधवार को आव्हाड और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।



अहेर को पूर्व मंत्री समर्थकों द्वारा निशाना बनाया गया था, जिन्होंने एक ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद प्रतिक्रिया दी थी, जिसमें टीएमसी अधिकारी को आव्हाड की बेटी नताशा और उसके पति एलन पटेल को मारने की साजिश रचते हुए सुना जा सकता है और कैसे उन्होंने माफिया को इसके लिए एक ठेका दिया था।

ऑडियो क्लिप ने एनसीपी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच कड़ी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया और पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे जैसे कुछ लोगों ने जांच की मांग की और अंडरवर्ल्ड लिंक को हार्बर (आश्रय) देने के लिए अहेर की बर्खास्तगी की मांग की।

# अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को हाईकोर्ट से राहत,अगली सुनवाई 17 मार्च को

**रांची ,17 फरवरी 2023(ए)।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी से जुड़े रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुजनाथ की कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखने का निर्देश दिया है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई।



पूर्व में कोर्ट ने इन्हें लिखित बहस प्रस्तुत करने को कहा था लेकिन उनकी ओर से प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 17 मार्च निर्धारित की है।

दरअसल, भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था। राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगे जाने पर नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज की थी।

दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2019 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह भाजपा में ही पॉसिबल है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था, जिसे राहुल गांधी ने निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# अडानी केस पर अपनी कमेटी बनाएगा सुप्रीम कोर्ट

### सीलबंद सुझावों को नहीं करेंगे स्वीकार

**नई दिल्ली ,17 फरवरी 2023 (ए)।** अदाणी केस पर अब सुप्रीम कोर्ट अपनी खुद की समिति का गठन करेगा। इस मामले में सरकार ने मुहरबंद लिफाफे में एक्सपर्ट पैनल का सुझाव दिया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस मामले में बंद लिफाफे में भेजे गए सुझाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा क्योंकि इस मामले में पूरी पारदर्शिता चाहिए। अदाणी ग्रुप के शेयरों में यह उठा-पटक अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट जारी होने के बाद दिख रही है। हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप की कंपनियों पर स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड का आरोप लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार ने बंद लिफाफे में सुझाव दिए हैं, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।



कोर्ट का मानना है कि इस मामले में हमें पूरी पारदर्शिता चाहिए और अगर सरकार के कदम को स्वीकार कर लिया गया तो इससे संदेश जाएगा कि सरकार की तरफ से बनी कमेटी को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह खुद समिति का गठन करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी मामले में अपनी खुद की कमेटी गठित करने का फैसला किया है।

# बुंदेलखंड की तोपों की गर्जना से गायब हो जाएगा पाकिस्तानः मुख्यमंत्री योगी



**बांदा ,17 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे समाप्त हो रहा है, वहां से चित्रकूट तक डिफेंस कॉरिडोर की कार्यवाही चल रही है, जहां पर बनीं तोपें जब गरजेंगी तो पाकिस्तान अपने आप ही गायब हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बांदा में कालिंजर महोत्सव के शुभारंभ पर को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि बुंदेलखंड पानी के लिए तरसता था, यहां की माताओं-बहनोंको 5 मील दूर जाकर पेयजल लाना पड़ता था, लेकिन अब हर घर नल की योजना से हर घर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करके यहां की माताओं बहनों का सम्मान किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि क्या यह काम पहले नहीं हो सकता था, लेकिन परिवार और जातिवादी लोग इस सोच के साथ कार्य नहीं कर सकते थे। इनके लिए अपना परिवार ही सब कुछ था, इनको बुंदेलखंड, प्रदेश, गरीब, गांव, किसान, महिलाओं और युवाओं से कोई मतलब नहीं था। अब बुंदेलखंड में पानी की कमी नहीं होगी, यह तो धरती का स्वर्ग बनने जा रहा है।

# ममता ने भाजपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों को बताया मौसमी पक्षी

**कोलकाता ,17 फरवरी 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मौसमी पक्षी बताया, जो चुनाव जीतने के बाद %गायब% हो जाते हैं। बांकुड़ा जिले में प्रशासनिक समीक्षा बैठक में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, बांकुड़ा की दोनों लोकसभा सीटों और जिले की 12 विधानसभा सीटों में से आठ पर बीजेपी का कब्जा है। लेकिन पार्टी के किसी भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि ने जिले के विकास के लिए कोई पहल नहीं की है। बांकुड़ा में कोई विकास नहीं हुआ है। वे मौसमी पक्षियों की तरह हैं जो चुनाव के समय आते हैं और चुनाव जीतकर गायब हो जाते हैं।



बनर्जी ने यह भी कहा कि भाजपा के सांसदों और विधायकों ने चुनाव से पहले उजाला गैस का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, हालांकि, चुनाव संपन्न होने के बाद किसी को कुछ नहीं मिला। इसके बजाय केंद्र सरकार ने चुनाव खत्म होने के बाद आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की। महंगाई भत्ते की बकाया राशि को लेकर राज्य सरकार के कर्मचारियों द्वारा चल रहे आंदोलन पर टिप्पणी करते हुए, बनर्जी ने कहा कि सीमित वित्तीय संसाधनों के बावजूद, उनकी सरकार ने अतिरिक्त 3 प्रतिशत डीए की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं कोई जादूगर नहीं हूं। मुझे फंड की व्यवस्था करनी है। हम अपना वैध बकाया जारी करने में केंद्र सरकार की लगातार अनिच्छा का भी सामना कर रहे हैं।

बनर्जी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नीलाद्रि शेखर जाना ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन उनकी पार्टी के सांसदों और विधायकों को जिले में विकास गतिविधियों को संचालित करने या शुरू करने की अनुमति नहीं दे रहा है। जाना ने कहा, हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित सभी विकास परियोजनाओं पर जिलाधिकारी का कब्जा है। मुझे लगता है कि वह मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन कर रहे हैं। लेकिन मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया है कि उनकी पार्टी को जिले में समर्थन की कमी है।

# भाजपा नेताओं की हत्या के विरोध में बनारस चौक पर चक्काजाम

**» कांग्रेसी सरकार में नक्सलियों का राज : मधुसूदन शुक्ला**






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के पांच पदाधिकारियों की सुनियोजित तरीके से लक्षित कर हत्या एवं प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती हुए कानून व्यवस्था की स्थिति के विरोध में प्रदेश संगठन के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी अंबिकापुर मंडल व ग्रामीण मंडल द्वारा शुक्रवार को स्थानीय बनारस चौक में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक चक्काजाम किया गया।

चक्काजाम के दौरान भूपेश सरकार के खिलाफ नारा लगाते हुए भाजपाई सड़क पर दो घंटा तक बैठे रहे जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। चक्काजाम में शामिल वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है, भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है, नक्सलियों के हौसले बुलंद है इस कांग्रेसी सरकार में भाजपा नेताओं को चिन्हांकित करके नक्सलियों द्वारा उनकी हत्या की जा रही है जिससे यह साबित होता है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सरकार पूर्णतः असफल हो गया है। चक्काजाम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश सोनी ने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी तब नक्सलियों के पैर उखड़ चुके थे परंतु अभी कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद चुन चुन कर भाजपा कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्या हो रही है। चक्काजाम में शामिल नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज होना चाहिए लेकिन यहां कांग्रेसी सरकार में लगता है कि नक्सलियों का राज है, समूचे प्रदेश में अराजकता की स्थिति निर्मित हो चुकी है। उन्होंने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र में सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं की सुरक्षा की चिंता करें जिससे मजबूत लोकतंत्र के लिए भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र में निर्भीक होकर कार्य कर सकें।

चक्का जाम के दौरान मंडल प्रभारी त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी, विद्यानंद मिश्रा, मंजूषा भगत, बलराम जयसवाल, राज बहादुर सिंह शास्त्री, मधु चौदाहा, विकास पांडे, संतोष दास, दीपक सिंह तोमर, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, रूपेश दुबे, रामकेश्वर रजवाड़े, वीरेंद्र बघेल, अजय सिंह बबलू, छोटू थॉमस, जन्मेजय मिश्रा, विश्व विजय सिंह तोमर, नकुल सोनकर, हरपाल सिंह भामरा, निरंजन राय, सर्वेश तिवारी, रविंद्र गुप्त भारती, आकाश गुप्ता, मनोज सोनी, सिकंदर जायसवाल, अभिषेक सिंह, बंशीधर उरांव, संजीव वर्मा, गौतम विश्वकर्मा, वसीम अंसारी, ध्रुव कुमार रवि, ज्योति चौरसिया, प्रिया सिंह, पंकज गुप्ता, निश्चल प्रताप सिंह, सुशांत घोष, बाबू विश्वकर्मा, निशांत सिंह सोलू, मनीष बारी, संजय जयसवाल, रवि सोनी, मनोज प्रसाद, आतिश सिंह, सतीश शर्मा, अनिल जयसवाल, उमेश अग्रवाल, कमलेश तिवारी, दूधनाथ गोस्वामी, रिंकू वर्मा, बबली नेताम, सत्यम सिंह नीलम रजवाड़े, पूनम सिंह प्रियंका चौबे, शैलेश सिंह, विमल मंदीलवार रॉनी मिश्रा विपिन पांडे, प्रिंस चौबे, रविकांत उराव गांधी पासवान सालेम केरकेट्टा, रोचक गुप्ता, चंदन शुक्ला शानू कश्यप, संजय एक्का, रवि चौहान, गणेश्वरी चौहान, मोंटी यादव, विक्की यादव, राजू पांडे, धनी राम यादव, मुकेश तिवारी, वेदांत तिवारी, गणेश कश्यप, दीपक सोनी, डॉक्टर विक्रम बाबरा, रोहिल गुप्ता, दिनेश तिवारी, मयंक जयसवाल, हैप्पी सिंह, गोल्डी सिंह, सुमित मिश्रा, विनीत शुक्ला, गोविंद जद्दार, दिग्विजय सिंह, संजय रजवाड़े, सागर विश्वकर्मा, मटुक दास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवीन पुलिस चौकी होलीक्रॉस हॉस्पिटल एवं मणिपुर थाना का औपचारिक उद्घाटन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले के नवीन होल क्रॉस हॉस्पिटल चौकी एवं मणिपुर चौकी से थाने में उन्नयन राज्य शासन द्वारा किया गया है। शुक्रवार को चौकी व थाने को आईजी राम गापाल गर्ग, कलेक्टर कुंदन कुमार व एसन भावना गुप्ता द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस दौरान आईजी ने कहा कि लोगों की बेहतर सुविधा के लिए शासन द्वारा होलीक्रॉस हॉस्पिटल चौकी एवं मणिपुर चौकी से थाना में उन्नयन किया गया है। लोगों को अपनी समस्याओं को रखने के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं हैं अब प्रशासन एवं पुलिस जनता के पास पहुंच रही है। प्रत्येक गांव में बीट सिस्टम के अनुसार पुलिस स्टाप को चिन्हित कर व्हाट्सप्प ग्रुप से जोड़ा जा रहा है। जिससे जनता और पुलिस के बीच दूरियां कम हो रही है। प्रत्येक गांव का बीट प्रभारी उस गांव के लिए थाने के प्रतिनिधि के रूप में काम करेगा।



कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि मणिपुर चौकी से थाना में उन्नयन पर लोगों को जल्द रिस्पांस मिलेगा। दुरस्त थाना नहीं जाना पड़ेगा अम्बिकापुर शहर बढ़ता हुआ क्षेत्र है सन्देनशील हैं। प्रशासन द्वारा मणिपुर थाना के लिए जमीन चिन्हांकन कर दी जायगी। प्रशासन एवं पुलिस सिक्के के दो पहलू हैं। जो साथ में आमजनता के लिए योजनाओं को धरातल पर उतरने में सक्षम है।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार संवेदनशील अपराध संभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था का पालन कराने हेतु समय-समय पर चौकी एवं थाने का सेटअप प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में सरगुजा पुलिस को होलीक्रॉस हॉस्पिटल चौकी एवं मणिपुर चौकी का उन्नयन किया गया है। जिसकी औपचारिक शुरुवात की गई है। नये सेटअप से जनता को लाभ प्राप्त होगा। अपराधों के निराकरण, प्रभावी नियंत्रण पर जोर मिलेगा। समस्यायों का जल्द निवारण करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अनुविभागिय अधिकारी पुलिस ग्रामीण अखिलेश कौशिक, रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक रुपेश नारंग, थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक सरफराज फिरदौशी, चौकी प्रभारी होलीक्रॉस हॉस्पिटल सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, रीडर अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक (एम) विवेक शुक्ला, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## भवन बनाने हेतु जमीन एवं सहयोग राशि के लिए सोना उत्थान समाज ने खाद्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सोनार उत्थान समाज ने खाद्य मंत्री अमाजीत भगत को ज्ञापन सौंपकर सरगुजा संभाग के 6 जिलों एवं 11 ब्लाकों में सोनार उत्थान समाज के लिए भवन बनाने हेतु जमीन एवं सहयोग राशि देने की मांग की है।



समाज ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि हमारा समाज पिछड़े वर्ग से आता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर है। ब्लाक एवं जिला स्तर में कई स्थानों पर समाज का भवन नहीं है। जिसके कारण टेन्ट लगाकर समाज की बैठक की जाती है और समाज के उत्थान के लिए कार्य किया जाता है। समाज के लोगों ने कैबिनेट मंत्री से सहयोग के लिए आग्रह किया है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सोनी, प्रमुख सलाहकार सुरेश सोनी, संभाग अध्यक्ष शिवराम सोनी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## हत्या के मामले में आरोपी पति को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

विवाद पर पति ने पत्नी को पड़ोसी के घर में ही डंडे से मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर बतौली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।



प्रार्थी महेन्द्र मझवार साकिन बतौली का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 फरवरी को रामाशंकर की पत्नी देवंती प्रार्थी के पत्नी के साथ उसके घर में सोइ थी। जो बाद में रामाशंकर प्रार्थी के घर में आया और दोनों पति-पत्नी के बीच घर के चाभी को लेकर विवाद होने लगा। प्रार्थी की पत्नी द्वारा मारपीट करने से मना करने पर भी रामाशंकर नहीं माना जो बाद में प्रार्थी एवं उसकी पत्नी द्वारा आकर देखने पर रामाशंकर कि पत्नी देवंती परछी में मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 302 का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया मामले को संज्ञान मे लेकर आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में मामले के आरोपी का पता तलाश कर शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल के नेतृत्व में थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय द्वारा एक विशेष टीम गठित कर आरोपी का तलाश किया जा रहा था, दौरान विवेचना रामाशंकर मझवार को पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया, घटना में प्रयुक्त डण्डा जप्त कर आरोपी रामाशंकर मझवार साकिन बतौली को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बतौली उनि प्रमोद कुमार पाण्डेय, उनि प्रमोद कुमार दुबे, सउनि शिवमन कौशिक, पंकज लकडा, अशोक भगत, विजय सोनवानी शामिल रहे।

## जेल प्रहरी की बांसबाड़ी में फांसी पर लटकी मिली लाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शहर के बांसबाड़ी में पेड़ पर फांसी पर लटका एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। मृतक की पहचान जेल प्रहरी अनिल बड़ा के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अनिल बड़ा गांधीनगर का रहने वाला था और केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत था। वह शुक्रवार की सुबह घर से निकला था। दोपहर में उसकी लाश बांसबाड़ी में फांसी पर लटका हुआ मिला। लोगों ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। मृतक की पत्नी भी पुलिस विभाग में आरक्षक है। पुलिस के अनुसार अनिल बड़ा घर से लापता था जिसकी सूचना थाने में मिली थी उसकी लाश बांस बाड़ी में मिलने पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# लगभग 5000 छात्रों का नहीं हुआ फीस वापसी का भुगतान

**» आजाद सेवा संघ छात्र मोर्चा ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



आजाद सेवा संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में संघ के कार्यकर्ताओं ने संभाग के सबसे बड़े विश्वविद्यालय संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया की सत्र 2020-21 कोरोना महामारी के कारण ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित हुई थी और विश्वविद्यालय के द्वारा छात्रों से परीक्षा फॉर्म का पूरा शुल्क लिया गया था,तो हमारे संगठन के द्वारा उस समय विश्वविद्यालय से मांग किया गया था कि ऑनलाइन परीक्षाएं हुई है तो कुछ परसेंट छात्रों की फीस वापसी की जाएं विश्वविद्यालय के द्वारा मांग को पूरी करते हुए घोषणा किया कि ?250 की राशि वापसी की जाएगी, लगभग 15000 छात्रों को फीस वापसी हो चुकी है पर लगभग 5000 छात्र ऐसे हैं जिनका आज तक फीस वापसी करा राशि उनके अकाउंट में नहीं डाला है और छात्रों द्वारा खाते से जुड़ी जानकारियों की त्रुटि के कारण कुछ छात्रों को इसका लाभ नही मिल सका। एक तरफ से भी देखने को मिल रहा है जिनके द्वारा खाते से सम्बन्धित सही ऑनलाइन पोर्टल पर सही जानकारी भरी भी गयी परन्तु अबतक उनकी फीस वापसी नही हुई है।

संघ के द्वारा मांग करते हुए कहा है कि गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ छात्र मोर्चा यह मांग करता है कि ऑनलाइन पोर्टल ओपन कर छात्रों की फीस वापसी विश्वविद्यालय द्वारा जल्द से जल्द किया जाए क्या पास आते समय उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता छात्र मोर्चा प्रवक्ता अभिनव चतुर्वेदी ,रवि गुप्ता अंकित दुबे आनंद पटेल अंकित जायसवाल सोनू यादव विनीत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के खडगांवा तिराहा के पास गुरुवार को बाइक अनियंत्रित हो जाने से सवार तीन युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरे युवक को मामूली चोट आई थी। जानकारी के अनुसार नरेंद्र पैकरा पिता गया राम पैकरा उम्र 22 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सीदमा दर्रीपारा का रहने वाला था। वह गुरुवार को बाइक से अपने साथी 45 वर्षीय गेदा साय व बैजनाथ के साथ बाइक से चिटकीपारा गया था। वहां से तीनों वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में खडग़वां तिराहा के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और तीनों दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना में गेदा साय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नरेंद्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि बैजनाथ को मामूली चोट आई थी।




## पीजी कॉलेज परिसर में कैंप लगाकर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का बनवाया गया आयुष्मान कार्ड

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

स्थानीय पीजी कॉलेज अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़ में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से पीजी कॉलेज कैंपस में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का आयुष्मान कार्ड निश्शुल्क बनवाया गया। राजीव युवा मितान क्लब के सरगुजा समन्वयक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं के बीच जाकर आयुष्मान भारत योजना के लाभ के बारे में बताया गया। इस योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चिन्हकित 41 लाख परिवारों को बढ़ाकर छत्तीसगढ़ के 60 लाख परिवारों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना में केंद्र सरकार का अंश लगभग 300 करोड़ तथा राज्य सरकार का अंश 1000 है। इन जानकारियों को भी छात्र-छात्राओं के मध्य बताया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरगुजा महापौर डॉ. अजय तिर्की ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। इस दौरान आलोक सिंह, निखिल विश्वकर्मा, विधानसभा समन्वयक नितिश चौरशिया, पार्षद सतीश बारी, प्रिंस विश्वकर्मा, अंकिता मिश्रा, रानू साहू, ज्ञान तिवारी, प्रीति, कंचन देवांगन, शिवम सिंह संतोष, प्राध्यापकों में रमेश जयसवाल सर, जसिता मिंज मैडम, ममता गर्ग, शिफ्तैन रजा, देववशिष्ठ एवं अन्य छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 7 करोड़ की राशि से शहर के सभी गली-मोहल्लों में लगेंगे स्ट्रीट लाईट व बिजली खंभे

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नगर निगम के लोक निर्माण और विद्युत विभाग की समीक्षा विभाग के प्रभारी एमआईसी और श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष शफी अहमद ने की। उन्होंने लंबित कामों को गुणवत्ता के साथ अतिशीघ्र पूरा करने और नवीन कार्यों का प्राक्कलन एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का अल्टीमेटम दिया है।



मैराथन बैठक उपरांत प्रभारी एमआईसी शफी अहमद ने बताया कि 7 करोड़ की राशि से शहर के सभी गली- मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट और बिजली के खम्भे लगाने का योजना है। वार्ड क्रमांक 11, 14, 16 और 46 के तेंदूपारा में 75-75 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनेगा। सुभाष नगर में 46.7 लाख की लागत से एक और शहरी गोठान का निर्माण होगा। वहीं ज्ञानस्थली योजनांतर्गत गांधीनगर हायर सेकेंडरी स्कूल, गोधनपुर, भगवानपुर, केदारपुर, केना बांध, पुलिस लाइन, गंगापुर, नवागढ़, तेंदुपारा, विशुनपुर,गर्ल्स मिडिल स्कूल, नवागढ़, और उरांवपारा मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष के लिए 155.56 लाख रुपये का प्रावधान है। गांधीनगर हायर सेकेंडरी स्कूल सहित गोधनपुर, नगर निगम ,पुलिस लाइन, भगवानपुर, केनाबांध तेंदुपारा और कन्या मिडिल स्कूल में 3-3 लाख रुपये से शौचालय का निर्माण किया जाना है। पुष्प वाटिका योजनांतर्गत सरगंवा वाटर पार्क में गर्डनिंग और लाइटिंग के लिये 35.13 लाख और सेनेटरी पार्क में विभिन्न कार्यों के लिए 26.66 लाख की कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रभारी एमआईसी और श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष शफी अहमद ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना के तहत नया बस स्टैंड, गौरव पथ, बनारस रोड़ और रामानुजगंज रोड में 193.52 लाख से दुकानों का निर्माण होगा। उन्मुक्त खेल मैदान के तहत नेहरू नगर, विशुनपुर और नवागढ़, श्रीगढ़ में खेल मैदान बनाने का प्रस्ताव है। हर एक मैदान के लिए 49.51 लाख का प्रस्ताव तैयार किया गया है। लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने नगर निगम को मिलने वाले विशेष पैकेज के कार्यों का प्राक्कलन भी एक सप्ताह के अंदर तैयार करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने कहा है।

बैठक के दौरान प्रभारी ईई संतोष रवि, एसडीओ राम, दुष्यंत बजाज, प्रशांत खुल्लर, सतीश रवि प्रियंका सहित नगर निगम का तकनीकी अमला मौजूद था।

# महाशिवरात्रि में सारासोर व शिवपुर मंदिर में रहेगा सूरजपुर पुलिस की कड़ी सुरक्षा,सादी वर्दी में करेंगे पुलिस के जवान निगरानी

- संवाददाता -
सूरजपुर,17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

चौकी चेन्द्रा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित पवित्र धार्मिक स्थल सारासोर व प्रतापपुर स्थित शिवपुर स्थित मंदिर में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में लोग जलाभिषेक करते है और मेला में खरीदारी करते है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मंदिर परिसर एवं मेला स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है। आमजनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पार्किंग स्थल पर वाहनों को रूकवाने, चिकित्सीय सहायता के लिए डॉक्टर की टीम, पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी तथा प्रशिक्षित गोताखोर की व्यवस्था रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्री पर्व पर लगने वाले मेला के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर समिति व गणमान्य नागरिकों की बैठक लेने के निर्देश दिए थे।





इसी परिप्रेक्ष्य में गुरूवार को एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी व एसडीएम भैयाथान सागर सिंह तथा एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह व एसडीएम प्रतापपुर दीपिका सिंह ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मंदिर परिसर तथा मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जायेगी, किसी प्रकार की भगदड़ से बचने के लिए कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने, संदिग्धों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी के लिए पुलिस के अधिकारी व जवान सादी वर्दी में तैनात रहेंगे। सारासोर पवित्र धार्मिक स्थल के साथ ही पर्यटन स्थल भी है जहां लोग पूजा अर्चना के अलावे पर्यटन स्थल का सैर भी करते है ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा को दृष्टिगत् रखते हुए खतरनाक स्थानों एवं गहरे पानी की ओर कोई न जाए इसके लिए चौकी प्रभारी को पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। शिवपुर मंदिर में जिले सहित दूसरे जिले व प्रांतों से भी लोग जलाभिषेक के लिए पहुंचते है। इस दौरान चौकी प्रभारी चेन्द्रा लवकुमार पाण्डेय, तहसीलदार भटगांव अमित केरकेट्टा, सारासोर मंदिर समिति के अध्यक्ष नवल साय राजवाड़े, मुकेश अग्रवाल व गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

### शिवालयों में होगी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

महाशिवरात्रि के मौके पर जिले की पुलिस ने शिवालयों पर लगने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा सख्त कर दी है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए सभी प्रमुख शिवालयों में पुलिस के अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। शिवभक्तों के सबसे बड़े पर्व महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां कर ली गई है।

## महा शिवरात्रि के अवसर पर धूमधाम से निकलेगी भगवान शिव की बारात

अंबिकापुर,17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवशंकर कीर्तन मण्डली केदारपुर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व 2023 के अवसर पर भगवान शिव जी की ऐतिहासिक बारात धूमधाम से निकाले जाने की तैयारी जोरों पर है। विदित हो कि विगत 43 वर्षों से शिव मंदिर सहेली गली केदारपुर से प्रतिवर्ष मण्डली के मुख्य तत्वाधान में भगवान शिव की आकर्षक चारात निकाली जाती रही है। इसी क्रम में महाशिवरात्रि पर्व 2023 को लेकर मण्डली अध्यक्ष राम परीखा पाण्डेय एवं वरिष्ठ सदस्यों में किशोरीलाल गुप्ता, रामदेव राम, प्रमोद मिश्रा (सहेली गली). विनोद वर्मा, रविन्द्र दुबे (बाबू), भोला नाथ विश्वकर्मा, संजु चौबे, दिलीप पाण्डेय, मनोज मिश्रा, अनित पूरी, संजय कुमार मिश्रा, श्रीराम पाण्डेय, हरिगोविन्द, राजगीर ऋषिकान्त दुबे, विनय पाण्डेय, संजीव कुमार पाण्डेय, राजू, शैलेन्द्र सिंह, बृजमोहन लाल, मुकेश तिवारी (पुजारी), नरेश यादव एवं धरनीधर सहित सभी सदस्यगण काफी उत्साहित हैं। इस संबंध में बारात एवं



मण्डली के संयुक्त कार्यक्रम प्रभारी भोला नाथ विश्वकर्मा एवं संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शिव बारात की सभी तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष बारात में शामिल होने वाले भक्तगणों की संख्या में काफी वृद्धि देखी जा रही है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम निर्धारित किये जा चुके है ताकि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित न हो तथा किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की आकर्षक बारात कल 18 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन शनिवार को लगभग 2:00 बजे शिव मंदिर सहेली गली प्रतापपुर नाका से ढोल, नगाडे बाजे-गाजे, अबीर गुलाल एवं चम-पटाखों के साथ प्रस्थान करेगी। बारात के दौरान स्थान-स्थान पर भूत-प्रेत, चुडैल, नाग, गन्धर्व एवं किन्नरों द्वारा बारात का स्वागत किया जायेगा। बारात पूर्व निर्धारित मार्ग होते हुए गौरी मंदिर पुलिस लाईन पहुंचेगी, जहां रात्रि में शुभ विवाह सम्पन्न होगा तथा दूसरे दिन 19 फरवरी दिन रविवार को सहेली गली, केदारपुर स्थित भगवान शिवमंदिर प्रांगण में आर्शीवाद समारोह के रूप में महाआरती पश्चात शाम 7:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सभी शिवभक्तगणों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में भगवान शिव जी के बारात में शामिल होवें और भंडारे कि दिन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

## बिहान के तहत ग्रामीण महिलाएं हो रही स्वावलंबी

### बर्तन बैंक के माध्यम से विमला ने कमाया 8 लाख रूपये का लाभ

- संवाददाता -
सूरजपुर,17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में प्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हरिहरपुर के सुहानी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य विमला ने बिहान के सहयोग से बर्तन बैंक टेंट हाउस का व्यवसाय प्रारंभ किया और अच्छा आमदनी हो रहा है। उन्होंने बिजनेस प्रारंभ करने से लेकर आज दिनांक तक 8 लाख रुपए का लाभ अर्जित की है।

विमला बताती है कि स्वयं सहायता समूह की सदस्यता प्राप्त करने से पूर्व मेरे द्वारा घर के रसोई का ही कार्य किया जाता था।लेकिन गांव में जब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्वंय सहायता समूहों का गठन किया जा रहा था। तब मैने भी उत्सुकता के साथ सुहानी महिला स्वंय सहायता समूह में सदस्य के रूप में



शामिल हो कर योजना के नियमों का पालन करते हुऐ अपने ग्राम संगठन की सहायता से बैंक लिकेज के माध्यम से दो लाख रूपये का लोन लेकर बर्तन बैंक (टेन्ट हाउस) का व्यवसाय अपने गांव में ही छोटे स्तर पर प्रारंभ कर घर के किचन से निकलकर व्यवसाई के रूप में अपने आप को स्थापित करने का निर्णय लिया और आज की स्थिति में व्यवसाय के प्रारंभ से आज दिनांक तक लगभग 8 लाख का लाभ अर्जित की गई है।

जिला प्रशासन के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी हुई स्वंय सहायता समूह की अधिक से अधिक महिलाओ को रोजागार उपलब्ध करा कर उनके आजीविका संवर्धन के लिये सतत् प्रयासरत् है। जिससे ग्रामीण महिलाये आर्थिक व समाजिक रूप से स्वालंबी बन सके।

## हील द वर्ल्ड फाउंडेशन का हुआ आगाज

### डी के सोनी बनाए गए छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष

» सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर कार्य करने के कारण मिली जिम्मेदारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में दिनाक 13 फरवरी 2023 को हील दा वर्ल्ड फाउंडेशन की नींव रखी गई।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक लोकसभा सांसद सुनील सोनी, ओम जी सोनी डायरेक्टर एस आर ज्वेलर्स, गुजरात प्रेसिडेंट मोहित हिंदुस्तानी,ह्यूमन प्राइड ग्रूप के चेयरमैन डॉ राकेश गोयल, लायंस क्लब के प्रेसिडेंट डॉ गौरव गुप्ता जी,केन्या के डिप्टी अंबेसडर पैट्रिक बीजेपी नेता व फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी मुकेश वर्मा जी, डॉ रवि कुमार, मिस इंडिया सिमरन आहूजा, छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट एडवोकेट डी के सोनी,मिस यूनिवर्स 2022 हरियाणा शैलजा चौहान,शिव कुमार सोनी, आदि गणमान्य हस्तियां उपस्थित थी।

फाउंडर चेयरमैन सीपी सोनी का कहना है कि उनकी टीम इस सामाजिक संस्था द्वारा समाज सेवा, तथा गरीब, शोषित व पीड़ति व्यक्ति की मदद के साथ-साथ उनको जागरूक भी करना चाहते हैं। वह हर क्षेत्र में जैसे चिकित्सा, शिक्षा ,सांस्कृतिक, गरीब कन्याओं का विवाह, वे मानव अधिकार, कानूनी सलाह आदि सामाजिक उत्थान में कार्य करना चाहते हैं।



## कलेक्ट्रेट में लिपिकों का प्रदर्शन मुख्यमंत्री से वादा निभाने की अपील



- संवाददाता -
बलरामपुर ,17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आज जिला मुख्यालय में प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश तिवारी के नेतृत्व में लिपिकों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि 17 फरवरी 2019 को मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में लिपिकों के सम्मेलन के दौरान मंच से यह घोषणा किया था कि उनके वेतनमान में सुधार किया जाएगा। परंतु 4 वर्ष व्यतीत होने के बावजूद उस घोषणा का क्रियान्वयन नहीं हो सका है, जिससे प्रदेशभर के लिपिकों में आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित लिपिकों ने 15 फरवरी को राजधानी में रैली कर सकती प्रदर्शन भी किया था। आज घोषणा दिवस की चतुर्थ वर्षगांठ पर लिपिकों ने गुलाब का फूल भेंट करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है, एवं वादा निभाने की गुजारिश की है।

जिलाध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद 4 वर्ष तक मांगों को अकारण ही लंबित रखा गया है। यदि हमारी मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदेश भर के लिपिक उग्र आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएंगे.

# दलेर की तुनक-तुनक व बल्ले-बल्ले ने मैनपाट में किया धमाल







### मंत्री सहित अधिकारी भी जमकर थिरके

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर एवं पंजाबी रॉक स्टार दलेर मेहंदी की प्रस्तुति ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। दलेर ने जैसे ही बोलो त रा रा रा, हायो रब्बा हायो रब्बा गाना शुरू किया दर्शक अपने आप को रोक नही पाए और खड़े होकर थिरकने लगे । कई दर्शक मंच के डी घेरा के पास आकर नाचने लगे। इसके बाद तुनक तुनक धुन, तुनक तुनक धुन दा दा गाने में तो कैबिनेट मंत्री श्री अमरजीत भगत, खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, पुलिस महानिरीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अधिकारियो ने मंच पर दलेर के साथ खूब थिरके।

दलेर ने इस अवसर पर अपने गाये सभी हिट गानों से दर्शकों को बांधे रखा। जिंदगी नू सारे मजे ऐश करोगे, हो गई तेरी बल्ले बल्ले हो जाएगी बल्ले बल्ले, सावन में लग गई आग दिल मेरा, दिल धड़के और काला कौआ काट खयेगा सच बोल गानों ने धमाल मचाया।

देश भक्ति गीत पर लहराए तिरंगा- पंजाबी रॉक गानों के धामल के बाद दलेर ने देश भक्ति और आत्म त्याग की भाव वाला गाना माय रंग दे बसंती चोला गाया तो दर्शकों ने हाथ मे तिरंगा लेकर लहराने लगे और मोबाइल का टोर्च ऑन कर दीपक की रोशनी का अहसास कराया।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि मैनपाट में पर्यटन व सुविधाओ में निरंतर विस्तार हो रहा है। आयोजन की भव्यता भी बढ़ती जा रही है। हवाई पट्टी बनने से बड़े और सुविधा बढ़ेगी।गायक दलेर मेहंदी ने कहा कि सुग्घर सरगुज़ा, मैनपाट महोत्सव वास्तव में शानदार है। मैनपाट का सड़क भी लाजवाब है। आयोजन भी भव्य है। सुविधाएं बढ़ेंगी तो पर्यटन भी बढ़ेगा।

समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ी गायिका अलका परघनिया, जसगीत गायक दिलीप षडंगी- रंग-झरोखा दुष्यंत हरमुख एवं सौरव वैभव ने भी शानदार प्रस्तुति दी।

तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन व जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की महती योगदान रहा। मंच संचालन का दायित्व श्री राकेश मिश्रा, श्रीमती सुजाता सिंह एवं श्रीमती मृदुला गुप्ता ने संभाला और कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# घटती-घटना के खबर का हुआ असर,संवेदनशील महाप्रबंधक चिरमिरी ने वर्षों से जमे ओवरशियरो को अंततः हटाया

- स्थानांतरण होने पर ओवरसियर हो रहे परेशान,रुकवाने हेतु श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों के पास लगा रहे हैं दौड़
- निर्माण के नाम पर लूटपाट मचा रखे ओवरशियर और ठेकेदारों के बीच मची खलबली,अब कैसे बनेंगे फर्जी बिल और कैसे होगा पूर्ण कार्य?
- डीसेंट हाउसिंग एवं कप्रिहेंसिव कार्यों के नाम से प्रत्येक श्रमिकों के क्वार्ट मेंटेनेंस के लिए कंपनी खर्च कर रही लाख,ठेकेदार व सिविल विभाग के अधिकारी कर रहे हैं बंदरबांट




महाप्रबंधक कार्यालय चिरीमिरी

-रवि सिंह-

चिरमिरी 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र में सिविल विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसकी खबर बीते दिवस घटती घटना ने प्रमुखता से छापा था खबर का असर हुआ महाप्रबंधक श्रीवास्तव ने मामले को गंभीरता से लिया और वर्षों से एक ही स्थानों पर जमे हुए ओवरशियरो को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है सनद रहे कि 1 दशक से अधिक समय से चिरमिरी क्षेत्र में जमे ओवरशियर संजय सिंह एवं ठेकेदार के साठगाठ की लगातार शिकायते हो रही थी, जिसको महाप्रबंधक ने गंभीरता से लिया और शिकायतों में सत्यता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से डब्लू सी सी कोरिया एन सी सी वाले इलाके में संजय सिंह को स्थानांतरित कर दिया है इसके अलावा और भी ओवरशियर के हस्तांतरण किए गए हैं पिछले सभी महाप्रबंधको के लिए खीरा से लेकर हीरा तक उनके घर तक पहुंचाने वाले ओवरशियर संजय सिंह अपने स्थानांतरण से काफी विचलित हो गए हैं इन दिनों मारे मारे फिर रहे स्थानीय ट्रेड यूनियन के नेताओं के घरों में जाकर सुबह शाम गिड़गिड़ा रहे हैं वही उनके साथ कार्य करने वाले सहकर्मियों से भी झगड़ा कर रहे है कहते हैं कि आप लोगों ने मेरी झूठी शिकायत महाप्रबंधक से करके मुझे हटवा दिया है, संजय सिंह इस समय पूरी तरह से बिलबिला गए है स्थानांतरण रुकवाने के लिए पूरी कोशिश में जुटे हुए हैं उनका चहेता पाटनर ठेकेदार सुमित सिन्हा भी उनके लिए बिलासपुर स्तर के अधिकारियों के पास पहुंचकर उनके स्थानांतरण रुकवाने के लिए सोर्स सिफारिश कर रहा है।

विदित हो कि जीएम कंपलेक्स इलाके में लगभग डेढ़ से 2 करोड़ का कंप्रेहसिव्ह का कार्य चल रहा है लेकिन अगर हम जमीनी स्तर पर देखें तो 378 कामगारों के लिए बनाए गए क्वार्टर में लगभग डेढ़ सौ लोग ही निवास करते हैं उन क्वार्टरों के मेंटेनेंस आदि का कार्य ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से लगभग बिलों में लेकर कर रहे है, इसके द्वारा कार्य नही किया जा रहा है, 378 क्वार्टर है जिसमें लगभग डेढ़ सौ लोग ही निवास करते हैं यदि हम इन क्वार्टरों को में डेढ़ करोड़ रुपए बांटे तो एक क्वार्टर में लगभग एक लाख खर्च होना होना चाहिए लेकिन मौके पर पड़ताल पर पता लगा कि ठेकेदार के आदमी आए थे घर के सामने जो टूटा फूटा था उसमें सीमेंट लगा गए और दरवाजों में प्राइमर लाल मिट्टी पोत कर पहुंचकर पेंट करवा दिया है इसके अतिरिक्त किसी भी तरह के कार्य नहीं किए गए हैं, सूत्रों की मामने तो संजय सिंह के लगातार उसके फर्जी बिल बनाकर पेमेंट की निकासी में उसका सहयोग किया जा रहा है यदि हम विस्तार से उक्त निर्माण और मेंटेनेंस कार्य की जांचा करें तो पता यह चलेगा कि जिस गुणवत्ता और क्षमता के हिसाब से काम करना था, उसके विपरीत कुछ चयनित स्थानों पर बड़े घटिया स्तर की उपयोगी सामग्री लगाए जा रही हैं, दरवाजे की यदि हम बात करें तो वे दरवाजे निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं लगाए गए हैं, मरम्मत के दौरान उपयोगी सामग्री काफी घटिया है पेंट भी ब्रांडेड नहीं लगाए जा रहे हैं पेंट ब्रांडेड डब्बे में बिलासपुर के लोकल कंपनी का पेंट पूरे चिरमिरी क्षेत्र में लगाया जा रहा है पाइपलाइन आदि के कार्य भी काफी घटिया स्तर के किए जा रहे हैं देखने से ही स्पष्ट हो जाएगा कार्य में जमकर बंदरबांट हो रहा है इसी वर्क आर्डर में 52 क्वार्टरों का डिसेंट हाउसिंग का भी कार्य करना है, इसे ऐड किया गया है ठेकेदार उसे भी कंप्लीट होना बता रहा है जबकि हम मौके का भौतिक सत्यापन करते हैं तो यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि उन घरों में किसी भी तरह के मेंटेनेंस और निर्माण कार्य किए ही नहीं गए हैं, जल्दी ही स्थानीय प्रबुद्ध जनों द्वारा इसकी शिकायत पीएमओ सीबीसी और सीबीओ सीबीआई अफसरों से करने की बात कही जा रही है।

## एसईसीएल कंपनी के भ्रष्ट अधिकारी कर रहे हैं केंद्र सरकार की मंशा के विपरीत कार्य

केंद्र सरकार के द्वारा बार-बार यह कहा जाता है कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया जाए और उसके लिए कई बार इन शासकीय अर्ध शासकीय कंपनियों को निर्देश भी मिलते रहे हैं लेकिन उन आदेशों को धता बनाकर एसईसीएल प्रबंधन में बैठे अधिकारी अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जो कार्य छोटे-छोटे खंडों में हो सकते थे उन्हें एक बड़ा वर्क आर्डर बनाकर अपने चहेते और पार्टनर ठेकेदारों प्रदान करने की क्रमबद्ध योजना पूरे एसईसीएल में चल रही है यही कारण है कि जो ठेकेदार वर्षों से इन कंपनियों में जुड़े हैं वह करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार इन अधिकारियों से सांठगांठ करके कर रहे हैं यदि इन्हीं कार्यों को छोटे-छोटे स्तर में आवंटित किया जाए तो नए लोगों को रोजगार भी मिलेगा और भ्रष्टाचार भी कम होगा लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों ने कंपनी के इन निर्माण कार्यों को अपने हिसाब से बना लिया है और एक ही वर्क आर्डर में कई कई करोड रुपए के कार्य निकालकर अपने चहेते ठेकेदारों से मोटी रकम वसूलते हैं और उन्हें भ्रष्टाचार के लिए उकसा रहे हैं मिलजुल कर पूरा पैसा डकार रहे हैं, एडजस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए निकाले जा रहे हैं जहां पूरी कोयला कंपनी के श्रमिक आज भी जर्जर और कंडम भवनों में रहने के लिए मजबूर हैं ऐसा एसईसीएल चिरमिरी में कोई भवन नहीं है जो बरसात में पानी ना टपकता हो सेफ्टी टैंक ना टूटे हो घरों की पीछे की नालियां बज बजा ना रही हो टूटे-फूटे पाइप लाइनों से पानी न गिर रहा हो, अरबों रुपए खर्च होने के बाद भी आज श्रमिक दैनीय जीवन जीने के लिए मजबूर है,वही ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी और ठेकेदार अधिकारी मिलकर लूट मचा रखे हैं।

8 फरवरी 2023 को प्रकाशित खबर


क्या एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के सिविल विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त?

**South Eastern Coalfields Limited**
(A MINI RATNA COMPANY)
Regd.office: SECL Bhawan, Seepat Road,,Bilaspur-495006 (CG)PBX 07752-240144
Office of the General Manager, Chirimiri Area
PO-West Chirimiri,Distt-MCB(CG)497773,Ph. no.07771-263400,Fax-07771263225

Ref.No.SECL/GM/CHRM/PD/101/ 117 Date: 10.02.2023

**OFFICE ORDER**

The following Executives/Employees of civil discipline SECL, Chirimiri Area are hereby transferred from their existing place of posting to the place as mentioned against each in their existing capacity /grade with immediate effect;

| Sl. No. | Name of Executive employee(Sri) | Designation | Present place of posting | Previous Additional Charge | Place of posting on transfer | With Additional Charge |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R K Jha | Chief Manager(Civil) | AHQ | Kurasia SA & Rani Atari SA | Chirimiri SA | Chrm UG & OC Rani Atari SA |
| 2 | Avnish Kumar | Chief Manager(Civil) | Chirimiri SA | Chrm UG & OC | AHQ | Kurasia SA, Tender cell , E tender & Area Quality Control |
| 3 | Naveen Sahu | Dy Manager (Civil) | AHQ | NCPH SA & AHQ | AHQ | NCPH SA, Central unit(AHQ) & Area Tender cell- E tender |
| 4 | Rajnandan Prasad | SOE(Civil) | Kurasia SA | Kurasia SA | Kurasia SA | Kurasia Colliery |
| 5 | Amit Rathod | SOE(Civil) | Rani Atari SA | CSR | NCPH SA | Central unit(AHQ, NCPH SA & CSR Work |
| 6 | T.P Kori | SOE(Civil) | Chirimiri SA | Chrm UG | Rani Atari SA | Rani Atari, Vijay West & Vijay west OC |
| 7 | Sanjay Singh | EA(Civil) | NCPH | NCPH & Central unit(AHQ) | WCC & NCC | WCC, NCC & Podi |
| 8 | C . K Shukla | EA(Civil) | Chirimiri SA | Chrm OC | Chirimiri SA | Chrm UG & OC |

On being released from their existing place of posting, they are advised to report to Sub Area Manager of their respective place of posting for further duties.

This issues with the approval of Competent Authority vide noting sheet No. SECL/GM/CHRM/DY GM( C ) /929 dated 07.02.2023.

Area Personnel Manager
SECL, Chirimiri Area

Distribution:
General Manager, Chirimiri Area- for kind information
Sub Area Manager, Chirimiri UG/Chrm OCM/NCC-Duman Hill Grp./NCPH/Rani Atari
Area Finance Manager, Chirimiri Area
Dy.Manager(P)/Asst.Manager(P)/Sr.Officer(P&A), Chirimiri UG/
Chrm OCM/Duman Hill /NCPH/Rani Atari/ AHQ, Chirimiri Area
Persons concerned

## एसईसीएल कंपनी में चल रहे अरबों रुपए के कंप्रेसिव्ह कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार को ईडी और सीबीआई से जांच कराने की उठ रही है मांग

यदि भारत सरकार की कोई भी जांच एजेंसी इन निर्माण कार्यों की जांच पड़ताल करें तो स्पष्ट रूप से पता लगेगा कि इनमें कई वर्षों से लिपाई पुताई सहित अन्य किसी भी तरह के निर्माण किए ही नहीं किए गए हैं सिर्फ अपने अपने स्तर पर बैठे अधिकारी अपनी बंदरबांट योजना के लिए करोड़ों रुपए की निकासी कर रहे हैं और आपस में बंदरबांट कर बेचारे श्रमिकों के नाम पर खूब उगाही कर रहे हैं पिछले 10-12 वर्षों में यदि इन मजदूरों के क्वार्टरों के मेंटेनेंस आदि की बात करें तो एसईसीएल स्तर पर कई अरब रुपए ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलकर डकारा है जो जांच का विषय है।

## सबसे बड़ा सवाल आधे से कम दाम पर ठेकेदार कैसे कर रहे हैं मेंटेनेंस और निर्माण कार्य ?

बड़ा सवाल यह है कि जो ठेकेदार 54 प्रतिशत बिलो कार्य लेकर आज की बढ़ रही महंगाई में उस काम को कैसे पूर्ण कर सकता है जांच का विषय है, सीमेंट 300 रूपए बैग है यह ठेकेदार 140 रूपए में कहां से खरीद रहे हैं? कोई भी ब्रांडेड प्रिंट 300 रूपए लीटर ही आता है इन्हें डेढ़ सौ रुपए लीटर कौन सी कंपनी दे रही है मेंटेनेंस के लिए रेत 2000 रूपए ट्रैक्टर मिलती है, इन्हें 1000 रूपए में कौन रेत उपलब्ध करा रहा है? वही गिट्टी 4000 रूपए वाली मिलती है इन्हें 2000 में कौन गिट्टी उपलब्ध करा रहा है? रॉयल्टी जीएसटीबी इन्हें आधे दाम पर क्या सरकार दे रही है? यह कैसे संभव है कि यह ठेकेदार बाजार मूल्य से आधे दाम पर सामान खरीद रहे हैं और यदि यह संभव नहीं है तो पूर्णता स्पष्ट हो जाता है कि यह ठेकेदार कार्य नहीं कर रहे हैं सिर्फ अधिकारियों से मिलजुल कर के फर्जी बिल बनाकर कंपनी में कार्यरत मजदूरों को मिलने वाली सुविधा में डाका डाल रहे हैं, इसमें ट्रेड यूनियन के पी पदाधिकारी मिले-जुले हैं जो कभी भी इस भ्रष्टाचार का विरोध नहीं करते उनके द्वारा किसी भी तरह की विज्ञप्ति या शिकायत कंपनी के आला अधिकारियों से नहीं की जाती पिछले प्रत्येक 3 साल में एसईसीएल के भ्रष्ट अधिकारी के द्वारा कंपनी के क्वार्टरों के मेंटेनेंस के लिए करोड़ों रुपए का बंदरबांट कर रही है पिछले 10 साल की बात करें तो, मेजर रिपेयर, वन थर्ड, डिसेंट, कंप्रेसिव्ह जैसे मैंने नामकरण करके मजदूरों के घरों को मेंटेनेंस के नाम पर अरबों रुपए का डाका कंपनी के भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के द्वारा डाला जा रहा है जिसमें सुमित सिन्हा संजय सिंह जैसे ठेकेदार और अधिकारी मिलकर के जमकर बंदर बांट कर रहे हैं ऐसा नहीं है कि केवल यह दो लोग ही ऐसा काम कर रहे हैं यदि हम जमीनी स्तर पर पड़ताल करें तो ऐसे कई ठेकेदार और अधिकारी हैं जो कंपनी में निर्माण कार्य एवम मरम्मत के नाम से करोड़ों रुपए का वारा न्यारा कर रहे हैं।

## बिलासपुर हेड ऑफिस से निरीक्षण करने आए अधिकारियों ने भी दिया इन्हें क्लीन चिट, निरीक्षण करने वाले अधिकारियों के जांच पर भी संदेह

बिलासपुर हेड ऑफिस से कंपनी स्तर में इन कार्यों के निरीक्षण के लिए कई जांच एजेंसियां बनाकर सभी इलाकों में भेजी जाती हैं जांच एजेंसी के सदस्य सिर्फ ऐसो आराम करने एवं उगाही करने की मंशा लेकर मौके का निरीक्षण किया और तीन-चार दिन तक सभी ऐसो आराम की सुविधाएं रेस्ट हाउस में लेकर वापस चले गए बताया जाता है कि उन्हें भी ठेकेदार ओवरों सियारो के माध्यम से शराब कबाब शबाब आदि की व्यवस्था करके खुश करने का काम करते हैं और उन्हें किया भी गया है इतना करके वे अधिकारी इन्हें गुणवत्ता सहित कार्य होने का प्रमाण पत्र दे जाते हैं और ये सभी ठेकेदार और अधिकारी मजदूरों की मिलने वाली सुविधाओं पर डाका डाल रहे हैं।

# हमारा यह खड़गवां हमेशा खेल कूद के क्षेत्र में अग्रणी:पूर्व विधायक श्याम बिहारी

- खिलाडियों ने राज्य स्तर तक कबड्डी खेल में क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है





- संवाददाता -

खड़गवां 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

हमारा यह खड़गवां हमेशा खेल कूद के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और यहां के कई खिलाडियों ने राज्य स्तर तक कबड्डी खेल में क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है।

उक्त बातें राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2023 के फाईनल के दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने खड़गवां जनपद मैदान में उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होने आगे कहा कि आज हमारे लिए गर्व की बात है कि जनपद मैदान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हो रहा है। आयोजक मंडल के संयोजक अशोक श्रीवास्तव व सभी सदस्यों को मै इसके लिए बधाई देना चाहता हूं। वैसे हमारा यह खड़गवां क्षेत्र शैला सुगा, कर्मा, गौरा, बार और अन्य सभी प्रकार के छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजोय हुए है। ग्रामीण खेल के साथ ही धार्मिक क्षेत्र में भी हमारा अंचल अग्रणी है यहां अभी एक साथ ही दो जगहों परे भागवत कथाओं का भी आयोजन हो रहा है। निश्चित रूप् से यह हमारा क्षेत्र धर्म संस्कृति के साथ-साथ खेल कूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। सभी लोगों के प्रयास से ही यह सब संभव हो पाता है चाहे हम किसी भी राजनीतिक दल के हो लेकिन सामाजिक और संस्कृति से जुडे कार्यों में कभी दूरियां नहीं आनी चाहिए। खड़गवां जनपद मैदान में खेल आयोजन समिति खड़गवां के द्वारा 14 फरवरी से शुरू हुई कबड्डी प्रतियोगिता में 23 टीम पुरूष व 9 टीम महिला वर्ग ने हिस्सा लिया। जिसमें से पुरूष वर्ग में सूरजपुर व बहडोला खड़गवां एवं महिला वर्ग में पेंड्रा जिला व पेंड्रा नगर के बीच में फाईनल मैच खेला गया। फाईनल मैच पुरूष वर्ग में विजेता सूरजपुर वहीं महिला वर्ग में विजेता पेंड्रा नगर की टीम रही है। विजेता टीम पुरूष वर्ग को 21000 रूपए, उपविजेता को 11000 रूपए व विजेता टीम महिला वर्ग को 11000 रूपए, उपविजेता 7000 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के संयोजक अशोक श्रीवास्तव सांसद प्रतिनिधि, संरक्षक श्रीमती सोनमती उर्रे जनपद अध्यक्ष, भूनेश्वर प्रसाद साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, अनिल श्रीवास्तव पूर्व खिलाडी, अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सुखित अगरिया, उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह उईके, सचित जितेन्द्र सिंह शिक्षक रहे। इस पूरे आयोजन में निर्णायक की भूमिका संजीव डे, पी.एन.बाबू, कमल सिंह नायक, शंभू सिंह, परमा यादव, जालंधर सिंह, वंदन सारथी स्कोरर राजेन्द्र केशरवानी, विजय पाण्डेय, पुष्पराज भाई पटेल रहे।



# कोरिया का लाल आयुष ने मैनपाट महोत्सव में अपने गायन का दिखाया कमाल

- आयुष नामदेव ने मैनपाट महोत्सव में किया अपने गायन का प्रदर्शन

- संवाददाता -

बैकुण्ठपुर 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया के आयुष नामदेव ने मैनपाट महोत्सव में किया अपने गायन का किया प्रदर्शन, अपर कलेक्टर एवं जिला प्रशासन सरगुजा ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर आयुष का किया सम्मानीत।

आपको बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14,15,16 फरवरी को मैनपाट महोत्सव का भव्य आयोजन जिला प्रशासन सरगुजा के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देश विदेश के नामी कलाकारों के द्वारा मंच पर प्रस्तुति दी जा रही है, इसी तारतम्य में कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए आयुष नामदेव ने मैनपाट महोत्सव में अपनी प्रस्तुति दी है और समा बांधा मैनपाट महोत्सव 2023 के समापन दिवस 16 फरवरी को आयुष नामदेव ने दोपहर 1:30 अपनी प्रस्तुति दी और कोरिया जिले का नाम रोशन किया आयुष नामदेव की प्रस्तुति के बाद जिला प्रशासन सरगुजा के द्वारा आयुष नामदेव को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया, आयुष नामदेव ने अपने गीत के माध्यम से समा बांधा छत्तीसगढ़ी गीत से अपने कार्यक्रम की शुरुआत की फिर बॉलीवुड गीत अंत में भजन के साथ आयुष नामदेव ने अपने कार्यक्रम का समापन किया।

# भाजपा नेताओं की हत्या और कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ भाजपा ने खड़गवां में स्टेट हाइवे पर 2 घंटे रखा जाम

- संवाददाता -

चिरमिरी,17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।






भाजपा नेताओं की नृशंस हत्या टारगेट किलिंग को लेकर कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ भाजपा ने आज खड़गवां जनपद मुख्यालय के सामने स्टेट हाइवे 15 को दोपहर 2 से 4 बजे 2 घंटे तक जाम रखा। इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि विगत एक महीने के भीतर बस्तर में भाजपा के चार नेताओं की हत्या हुई है। लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार राज्य को निरंतर अंधेरी कोठरी में धकेलती जा रही है। भाजपा के नेताओं को ही टारगेट करके मारा जा रहा है। विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने की कोशिश की जा रही है। इसके खिलाफ आज भाजपा के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे हैं।

बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या पर पूर्व विधायक श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए कहा कि लोकतंत्र में अलोकतांत्रिक तरीका इस्तेमाल कर भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कराना कायरता है. सरकार ने इस प्रकार की हरकत कर बता दिया है कि वह विपक्ष से कितनी डरी हुई है. कांग्रेस ने बस्तर से राजनीतिक हिंसा शुरू की है. पूरे छत्तीसगढ़ की जनता इस राजनीतिक हत्याकांड के विरोध में छत्तीसगढ़ जाम रखी है. भूपेश बघेल याद रखें छत्तीसगढ़ बनने के तुरंत बाद प्रथम 3 वर्ष में कांग्रेस की हत्यारी सरकार को जनता ने 15 वर्ष तक सत्ता से दूर कर दिया था. इस समय जनता हमेशा के लिए आपको छत्तीसगढ़ से बाहर कर देगी. आज हम सभी इस चिलचिलाती धूप में डामर की सड़क पे बैठे है ताकि आप सभी कल सुकून से रह सके। 2 घंटे के लिए आप सभी को तकलीफ जरूर हो रही है लेकिन इस गूंगी बहरी और अराजक सरकार को जगाने के लिए अब और कोई रास्ता नहीं बचा है। यदि इस चक्काजाम के बाद भी सरकार कोई कार्यवाही नही करती है तो 8 महीने बाद प्रदेश की जनता ठान चुकी है की अपने एक उंगली की ताकत से कांग्रेस की लूट खसोट, भय, भ्रष्टाचार, लूट की सरकार को बाहर का रास्ता दिखायेगी। सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उरे, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला महामंत्री रामलखन सिंह, जिला मंत्री अरुणोदय पाण्डेय, पूर्व महापौर डंबरू बेहरा, रामेश्वर पांडेय, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती इंदू पनेरिया ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश की भूपेश सरकार को आड़े हाथों लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू, महामंत्री धरमपाल सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रामप्रताप, परमानंद जायसवाल, श्याम कार्तिक साहू, सत्येंद्र साहू, राजेंद्र दास, ओम शुक्ला, पतिराज सिंह, अशोक खरे, मनीष खटीक, पुष्पराज जायसवाल, नरेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दबाव पूर्वक नियमितीकरण को लेकर नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
कोरबा, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नेता प्रतिपक्ष व प्रभारी खरसिया विधानसभा हितढ्ढनंद अग्रवाल ने दबाव पूर्वक भवन निर्माण के नियमितीकरण हेतु दिए गए नोटिस को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने हेतु निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे को ज्ञापन सौंपा एवं इसकी प्रतिलिपि कोरबा जिलाधीश को भी दी गया ढ्ढ नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर निगम कोरबा द्वारा भवन निर्माण के नियमितीकरण को लेकर नगर निगम क्षेत्र में निवासरत लोगों को नोटिस जारी किया जा रहा है , जिसमें15 दिवस के अंदर दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है साथ ही इसमें लोगों को चेतावनी भी दी गई है की यदि जल्द दस्तावेज जमा नहीं किया गया तो कठोर कार्यवाही भी की जाएगी जो अत्यंत निंदनीय है ढ्ढ बता दें कि वर्ष 2020 कोरोना काल के बाद से धीरे धीरे वापस मुख्यधारा की ओर बढ़ रहढ्ढ है और ऐसे में निगम द्वारा जारी किया गया तुगलकी फरमान आम जनता की जेब पर डाका डालने के साथ साथ चिंता का कारण बनते जा रहा है ढ्ढ जनता में इस विषय को लेकर भारी रोष व्याप्त होता दिख रहा है ढ्ढ उन्होंने कहा के वे नियमितीकरण के विरोध नहीं है किंतु नियमितीकरण करने के लिए जनता पर बेवजह दबाव डालना गलत है





जिसकढ्ढ कड़े शब्दों में विरोध करता हूं ढ्ढ अब तक दबाव पूर्वक निगम क्षेत्र अंतर्गत लगभग 15 से 20 दुकानों को सील किया गया जिसके कारण व्यापारियों के मध्य आक्रोश बढ़ता जा रहा है ढ्ढ निगम के इस कृत्य का विरोध करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिन लोगों ने 20 साल पहले भवन निर्माण किया उस वक्त इतने नियम कानून नही हुआ करते थे जिसके कारण अधिकतर लोगों के पास नक्शा डायवर्सन सहित अन्य दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं है ढ्ढ ऐसे में उन्हें समय देने के साथ साथ दस्तावेजों की उपलब्धि स्वयं निगम प्रशासन को करनी चाहिए ढ्ढ उन्होंने नगर निगम महापौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम महापौर को जनता के सुख-दुख से कोई वास्ता नहीं ,यहां के राजस्व मंत्री जो पूर्व में साडा अध्यक्ष भी रहे उनका भी जनता से कोई विशेष तालुकात नहीं है , यही कारण है कि कोरबा के व्यवसाई एवं निवासी इस तुगलकी फरमान से परेशान हो रहे हैं पर इनके द्वारा किसी तरह का कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाया जा रहढ्ढ है ढ्ढ उन्होंने इस पूरे मामले पर घोर निंदढ्ढ करते हुए कहा के अगर जल्द इस पर विचार नहीं किया गया एवं साथ दिवस के भीतर आदेश को वापस नहीं लिया गया तो वे आम नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# भाजपा ने नक्सली हमले के खिलाफ किया चक्का जाम

- संवाददाता -
कोरबा, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में नक्सलियों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता के ऊपर किए गए हमले पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व आह्वान पर गौ माता चौक पर किया चक्का जाम ढ्ढ बता दें कि बस्तर में भाजपा नेताओं के लगातार हो रही हत्या के विरोध में कोरबा विधानसभा में भी चक्का जाम का आयोजन किया गया ढ्ढ कोरबा के गौ माता चौक पर किए गए चक्का जाम में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर किया प्रदर्शन ढ्ढ इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार प्रदेश की जनता का शोषण कर रही है , यही कारण है कि आज पूरे प्रदेश में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बस्तर में नक्सलियों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता पर जो हमला किया गया इसकी घोर निंदा करते हैं एवं सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही करें








ढ्ढ चक्का जाम के दौरान प्रत्येक चौक चौराहों में गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही ढ्ढ इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व महापौर श्री जोगेश लांबा , पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अशोक चावलानी वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गोपाल मोदी , मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा साथ ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नारे लगाते हुए मौजूद रहे ।

# पाली के केराझरिया में 18 व 19 फरवरी को आयोजित पाली महोत्सव स्थल का विधायक एवं कलेक्टर ने किया निरीक्षण

» बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल,हार्डी संधु, छत्तीसगढ़ी स्टार अनुज शर्मा,आरू साहू, सहदेव दिर्दो देंगे प्रस्तुति

- संवाददाता -
कोरबा, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर पाली में 18 व 19 फरवरी को आयोजित होने वाले पाली महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पाली- तानाखार विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा और कलेक्टर श्री संजीव झा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ केराझरिया स्थित मैदान पहुंचे। पाली महोत्सव के लिए सभी तैयारियां केराझरिया मैदान में किया जा रहा है। इसे देखते हुए विधायक के साथ कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। विधायक एवं कलेक्टर ने पूरे स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री झा ने कार्यक्रम स्थल पर किए जा रहे मंच की सजावट,मैदान में बन रहे आकर्षक पंडाल, विभागीय विकास कार्यों व योजनाओं की प्रदर्शनी के लिए बनाए जा रहे स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर आयोजन की तैयारियों से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर श्री झा ने पाली महोत्सव के आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पाली महोत्सव का आयोजन गरिमामय तरीके से करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने महोत्सव स्थल पर साफ-सफाई, समतलीकरण, मुख्य मंच निर्माण, स्थल के प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग व्यवस्था, चलित शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी लेकर जल्द सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा ने महोत्सव के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री झा ने बताया कि पाली महोत्सव में जिले व प्रदेश के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा बाहर से भी कलाकार आएंगे। जिसके संबंध में आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। दो दिवसीय पाली महोत्सव के अलावा महाशिवरात्रि के अवसर पर पाली में स्थित प्राचीन मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और यहां लगने वाले मेले को लेकर भी तैयारियां की जा रही है। निरीक्षण के दौरान गौसेवा आयोग के सदस्य श्री प्रशांत मिश्रा, श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री नवीन सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण, अपर कलेक्टर कटघोरा श्री विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर कोरबा श्री प्रदीप साहू, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, एसडीएम पाली श्री शिव बनर्जी सहित पीडब्ल्यूडी, सीएसईबी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।





# बालको ने राजेश कुमार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक के पद पर किया नियुक्त

- संवाददाता -
कोरबा, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

वेदांता एल्यूमिनियम व्यवसाय की अनुषंगी कंपनी एवं देश की प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक इकाई भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री राजेश कुमार को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेषक नियुक्त किया है। टाटा स्टील की भारतीय एवं थाईलैंड की इकाइयों में प्रचालन, अनुरक्षण, परियोजना क्रियान्वयन, उत्पादकता बढ़ोत्तरी आदि कार्य क्षेत्रों में उन्हें 36 वर्षों का अनुभव है। श्री राजेश कुमार ने बनारस हिंदू विष्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक और एक्सएलआरआई से फाइनेंस में स्वर्ण पदक के साथ एमबीए की उपाधि ली है। श्री राजेश कुमार को विनिर्माण उत्कृष्टता के साथ वृहद परियोजनाओं और नए संयंत्रों के क्रियान्वयन का लंबा अनुभव रहा है। अनेक कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण प्रक्रियाओं में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में विभिन्न विनिर्माण इकाइयों ने उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने तथा लागत घटाकर विष्वस्तरीय बेंचमार्क हासिल करने में सफलता हासिल की। प्रॉफिट सेंटर, विनिर्माण, टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट, प्रचालन, विलय एवं अधिग्रहण, औद्योगिक सुरक्षा, उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुधार, परियोजना अभियांत्रिकी, डिजिटाइजेषन, लॉजिस्टिक्स, मानव संसाधन विकास, वित्तीय विष्लेषण, नेतृत्व एवं रणनीति आदि अनेक क्षेत्रों में उन्हें विषेषज्ञता हासिल है। श्री राजेश कुमार ने श्री अभिजीत पति का स्थान लिया है अब श्री पति वेदांता एल्यूमिनियम के चीफ ट्रांसफॉर्मेषन ऑफिसर के तौर पर सेवाएं देंगे। वेदांता के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और ईएसजी संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने के साथ ही एल्यूमिना एवं एल्यूमिनियम विस्तार परियोजनाओं, डाउनस्ट्रीम एल्यूमिनियम व्यवसाय के विकास आदि अनेक क्षेत्रों में श्री पति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बालको के ईएसजी, प्रचालन एवं मानव संसाधन उत्कृष्टता के अलावा श्री पति ने ओडिषा के झारसुगुड़ा में वेदांता द्वारा सबसे बड़े ग्रीन फील्ड एल्यूमिनियम स्मेल्टर परियोजना की स्थापना में प्रषंसनीय योगदान दिया।

# जिला दण्डाधिकारी ने 18 मामलों के आरोपी राजेंद्र पुरी को किया जिला बदर

» आरोपी नहीं कर सकेगा एक साल तक कोरबा सहित सीमावर्ती जिलों में प्रवेश

- संवाददाता -
कोरबा, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।




जिला दण्डाधिकारी संजीव झा ने जिले के आदतन अपराधी राजेंद्रपुरी को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। शांति नगर कुसमुण्डा निवासी 43 वर्षीय राजेंद्रपुरी पिता लखेश्वरपुरी गोस्वामी के विरूद्ध थाने में अपराध के 18 मामले विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। आरोपी सन् 1995 से लगातार घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौच, जान से मारने की धमकी, तोड़फोड़, प्रतिबंधित हथियार लेकर घुमने जैसी कई अपराधिक गतिविधियां करते आ रहा है। राजेंद्रपुरी के खिलाफ थानों में भारतीय दण्ड विधान की धारा 452, 427, 34, 341, 294, 506 बी, 323, 324, आर्म्स एक्ट धारा 25,26, आबकारी एक्ट धारा 34 एवं जुआ एक्ट धारा 13 अंतर्गत 18 अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है। आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत 107, 116 (3), 41(2), 110, 151, 117 के 15 प्रकरण भी दर्ज हैं। आरोपी के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कोरबा के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी श्री संजीव झा ने आदेश भी जारी कर दिए है। अगले 24 घंटों में आरोपी राजेंद्रपुरी को कोरबा जिले और सीमावर्ती जिलों जांजगीर चांपा, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ती, बिलासपुर, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, सूरजपुर जिले की सीमाओं से बाहर जाने का आदेश जारी किया गया है। राजेंद्रपुरी को जिला दण्डाधिकारी न्यायालय कोरबा की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना इन जिलो की सीमाओं में अगले एक वर्ष की अवधि तक प्रवेश नहीं करने का भी आदेश दिया गया है।

# पुलिस ने चांगरो ग्राम में लगाया जन चौपाल ग्रामीणों को बाटे जरूरत की सामग्री



- संवाददाता -
कुसमी, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा एवं आम जनता से पुलिस प्रशासन के मेलजोल बढाने के निर्देश पुलिस के अधिकारियों कर्मचारियों को दिये गये थे, जिसके पालन में 15-02-2023 को कुसमी अनुभाग के एसडीओपी रितेश चौधरी ने अपने पुलिस स्टाफ के साथ मिलकर चांगरो ग्राम में जन चौपाल रात्री विश्राम का कार्यक्रम का आयोजन किया, जहाँ ग्रामीणों के बीच पुलिस प्रशासन की टीम पहुँचकर ग्रामीणों से चर्चा कर ग्रामीणों का हालचाल जाना, वही एसडीओपी व पुलिस स्टाफ के द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये अभिव्यक्ति कार्यक्रम छोटे बच्चों एवं बेटियों के प्रति सवेंदनशीलता प्रकट करते हुये हमर बेटी हमर मान कार्यक्रम का आयोजन कर स्थानीय भाषा मे गांव की जनता को महिलाओं एवं छोटे बच्चों से सम्बंधित अपराध के बारे में समझाया गया, वही कार्यक्रम में आये लोगो को साड़ी गमछा पेन कॉपी भेंट कर मिष्ठान का वितरण किया गया, कार्यक्रम में एसडीओपी रितेश चौधरी,सउनि योगेन्द्र जायसवाल, आर. विपिन एक्का,बंसीधर बेक,सरपंच अवधेश पैकरा, सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुये।

# राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत भू-अधिग्रहित प्रभावितों के मुआवजा वितरण के लिए 20 फरवरी से शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
कोरबा, 17 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए भू-अधिग्रहित प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए पुनः शिविर लगाने के निर्देश दिए है। उन्होने गांवों में विशेष शिविर लगाकर भू-अधिग्रहित प्रभावितों को मुआवजा वितरण के निर्देश दिये है। शिविर के माध्यम से प्रभावितों के मुआवजा वितरण में आ रही कठिनाईयों को दूर कर सभी प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देश पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम भू-अर्जन अधिकारी कोरबा द्वारा गांववार शिविर का रोस्टर जारी किया गया है। यह शिविर जिले के 10 गांवों में 20 फरवरी से 10 मार्च 2023 तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर में भारत माला परियोजना अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए उरगा-पत्थलगांव खण्ड के तहत् तहसील कोरबा एवं करतला के प्रभावित नागरिकों के मुआवजा वितरण में आ रही दिक्कतों को दूर किया जाएगा। शिविर के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। हल्का पटवारी, एनएचएआई के अधिकारी सहित मुआवजा वितरण से संबंधित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। एसडीएम कोरबा ने बताया कि मुआवजा वितरण के लिए शिविर का आयोजन 20 फरवरी को ग्राम चीतापाली में, 22 फरवरी को सकदुकला, 23 फरवरी को ढोंगदरहा, 24 फरवरी को नोनबिर्रा, 27 फरवरी को कोटमेर में किया जाएगा। इसी प्रकार एक मार्च को ग्राम करतला, 02 मार्च को गेरांव चांपा, 03 मार्च को चचिया, 06 मार्च को कटकोना एवं 10 मार्च को जिल्गा बरपाली में विशेष मुआवजा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में शामिल होने वाले भू प्रभावितों को गांववार कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर सूचित किया जा रहा है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)
जिला-सरगुजा (छ0ग0)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

जिला जल एवं स्वच्छता सरगुजा की ओर से कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित (पम्प स्थापना,टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन कार्य तथा अन्य कार्य) हेतु पत्रक ''अ'' (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित निम्न निविदाओं में परिवर्तन की जाती है।

| क्रं0 | दिनांक | निविदा | सिस्टम क्रमांक | लागत (रू. लाख में) | अंतिम तिथि | संशोधित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 23.01.2023 | 385 | 121730 | 143.48 | 10.02.2023 | 22.02.2023 |
| 02 | 23.01.2023 | 386 | 121733 | 155.48 | 10.02.2023 | 22.02.2023 |
| 03 | 25.01.2023 | 388 | 122081 | 167.48 | 10.02.2023 | 22.02.2023 |
| 04 | 25.01.2023 | 389 | 122082 | 171.84 | 10.02.2023 | 22.02.2023 |
| 05 | 25.01.2023 | 390 | 122083 | 148.50 | 10.02.2023 | 22.02.2023 |

निविदा की बाकी शर्तें यथावत रहेंगी:-
बिड संबमिशन की अंतिम तिथि:- निविदा क्रं. 385,386,388,389, एवं 390 की दिनांक 22.02.2023समय:-17:30 बजे तक।
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा के सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल ( https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनांक 15.02.2023 पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी नम्बर-98603/3

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ 202302021700047 / अ-21/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनार्दन विश्वास आ0 गोपाल विश्वास व अन्य 05 निवासी ग्राम सरगवां तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नम्बर 335/1, 341/1 रकबा क्रमशः 0.680, 0.120 हे0में से क्रमशः 0.452, 0.120 हे0 (कुल रकबा 0.572 हे0) घर बनवाने एवं ईलाज कराने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक राधेकृष्ण गोयल आ0 राजीव अग्रवाल, निवासी चर्च रोड केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा को रूपए 8,50,000/-(आठ लाख पचास हजार रू) में विक्रय करने कीअनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.03.2023 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त-दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
**नायब तहसीलदार**
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202302021200025 / अ-6/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/वसीयतग्रहिता रामकृष्ण गोयल आ0 राजीव अग्रवाल एवं अन्य-01 दोनों जाति अग्रवाल निवासी चर्च रोड केदारपुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा संहिता की धारा-109,110 के तहत मोहल्ला-केदारपुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-02 स्थित नजूल प्लाट क्रमांक-326/2 रकबा 0.15 एकड़ एवं शीट नम्बर-3 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1139/1, 1139/15 रकबा क्रमशः 0.23, 0.25 एकड़ के खातेदार श्रीमती संतोष देवी पत्नी सीताराम अग्रवाल निवासी चर्च रोड केदारपुर अम्बिकापुर की मृत्यु हो जाने के कारण पंजीबद्ध वसीयतनामा के आधार पर वादभूमि पर से मृतक का नाम विलोपित कर अपना नाम वर्तमान नजूल अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं पंजीबद्ध वसीयतनामा की छायाप्रति पेश किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर



# मचेगा आईपीएल का धमाल

### चेन्नई-गुजरात के बीच खेला जायेगा पहला मैच

**नई दिल्ली,17 फ रवरी 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। बीसीसीआई की ओर से आईपीएल 2023 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी शेड्यूल के मुताबिक आईपीएल का आगाज 31 मार्च को होगा। इस बार आईपीएल 52 दिनों तक चलेगा जिसमें कुल 70 लीग मुकाबले खेले जाएंगे। 21 मई तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले होंगे। वहीं, फाइनल मुकाबला 28 मई को खेला जाएगा। आईपीएल के पहले मुकाबले में गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स आमने सामने होगी। आईपीएल 2022 की विजेता गुजरात टाइटंस एक बार फिर से हार्दिक पांड्या की अगुवाई में उतरेगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स का नेतृत्व महेंद्र सिंह धोनी करते दिखाई देंगे।
आईपीएल का ओपनिंग मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल के दौरान डबल हेडर मुकाबले दिखाई देंगे। शाम के मुकाबले 7ः30 बजे शुरू होंगे जबकि दोपहर के मुकाबले 3ः30 बजे खेले जाएंगे। सभी टीमों को इस बार भी 14-14 मुकाबले खेलने होंगे। प्रत्येक टीम 7 मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगी जबकि सात मुकाबले विपक्षी टीम के घर में खेलेगी। पिछले साल की रनर-अप टीम राजस्थान को अपना पहला मुकाबला 2 अप्रैल को खेलना होगा। 1 अप्रैल को पंजाब और कोलकाता आमने सामने होंगीं। वहीं, लखनऊ और दिल्ली का मुकाबला 1 अप्रैल को खेला जाएगा। 2 अप्रैल को हैदराबाद और राजस्थान आमने सामने होंगी जबकि 2 को ही रोयल चैलेंजर्स और मुंबई इंडियंस का भी महा मुकाबला होगा। आईपीएल 2023 को लेकर दो ग्रुप पर बनाए गए हैं। ग्रुप ए में मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स हैं। ग्रुप बी की बात करें तो इसमें चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस हैं। इस बार के आईपीएल मुकाबले कुल 12 स्थानों पर खेले जाएंगे। गुवाहाटी और धर्मशाला पहली बार आईपीएल मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा अहमदाबाद, मोहाली, लखनऊ, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, मुंबई में आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे।

# विश्व के नंबर वन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का धमाल

### दिल्ली में बनाया यह नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली, 17 फरवरी 2023।** भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शानदार फॉर्म में हैं। भले ही वह क्रिकेट के मैदान पर काफी दिनों के बाद वापसी कर रहे हैं, लेकिन उनके खेल को देखते हुए ऐसा कहीं से भी नहीं लग रहा कि वह कई महीनों से मैदान से बाहर थे। दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत दूसरा टेस्ट मुकाबला दिल्ली में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने कमाल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया को 263 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। रविंद्र जडेजा ने 68 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके साथ ही रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 2500 रन बनाने और 250 विकेट लेने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज हो गए हैं। वहीं दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए।
रविंद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आउट करके यह कीर्तिमान स्थापित किया है। रविंद्र जडेजा



से पहले इस मुकाम पर पहुंचने वाले इयान बाथम हैं। इयान बाथम ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए 55 टेस्ट मुकाबले खेले थे जबकि रवींद्र जडेजा ने 62वें मुकाबले में यह कारनामा किया है। भारत के इस स्टार ऑलराउंडर ने कपिल देव, अनिल कुंबले और आर अश्विन के बाद टेस्ट क्रिकेट में ही उपलब्धि हासिल की है। वह ऐसा करने वाले पांचवें भारतीय बन गए हैं। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने भी आज एक नया रिकॉर्ड बनाया है। ऑस्ट्रेलिया खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अनिल कुंबले का नाम सामने आता है।
ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उस्मान ख्वाजा (81 रन) और पीटर हैंड्सकोंब (नाबाद 72) के अर्धशतक के दम पर भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां पहली पारी में 263 रन बनाए। भारत के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सर्वाधिक चार विकेट झटके जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने तीन तीन विकेट अपने नाम किये।

# बीसीसीआई के प्रमुख चयनकर्ता चेतन शर्मा का इस्तीफा,स्टिंग विवाद के बाद छोड़ा पद

**नई दिल्ली,17 फरवरी 2023।** स्टिंग ऑपरेशन में टीम इंडिया के खिलाड़ियों के कई तरह के खुलासे करने वाले बीसीसीआई चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह इस्तीफा बोर्ड सचिव जय शाह को भेज दिया। रिपोर्ट की मानें तो जय शाह ने चेतन शर्मा के इस्तीफे को स्वीकार भी कर लिया है।
बता दें कि हाल ही में एक स्टिंग ऑपरेशन के चलते चेतन शर्मा विवादों में आए थे। एक स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा ने विराट कोहली-सौरव गांगुली विवाद से लेकर रोहित शर्मा-विराट कोहली झगड़े तक, भारतीय क्रिकेट में हर गर्म विषय पर विस्तार से बात की। इस स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो वायरल होने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही उनकी कुर्सी जा सकती है।



बता दें कि शर्मा को पिछले महीने लगातार दूसरी बार चीफ सेलेक्टर नियुक्त किया गया है। वह पांच सदस्यों वाली चयन समिति के प्रमुख हैं।
चेतेन शर्मा के स्टिंग ऑपरेशन की बात करें तो, उन्होंने कहा था कि टीम इंडिया के कुछ सुपरस्टार प्लेयर्स इंजेक्शन लेते हैं। 80 प्रतिशत फिट होने पर भी 100 प्रतिशत फिट हो जाते हैं। चेतन शर्मा के मुताबिक ये पेन किलर नहीं हैं। ये इंजेक्शन डोप टेस्ट में पकड़ में नहीं आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्लेयर्स को मालूम होता है कि किस इंजेक्शन को डोप टेस्ट में पकड़ा जा सकता है और किसको नहीं।
चेतन शर्मा ने कहा कि कप्तान से लेकर खिलाड़ी तक उनपर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि हम पांच लोग (चयनकर्ता) भारत में क्रिकेट चलाते हैं। हम वर्तमान और भविष्य तय करते हैं। रोहित शर्मा मुझसे फोन पर 30 मिनट तक बात करते हैं। हार्दिक, उमेश और दीपक हुड्डा हाल ही में मेरे घर आए थे। वे मुझ पर भरोसा करते हैं। खिलाड़ी अपने भविष्य के बारे में बात करने के लिए मेरे घर आते हैं।
वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच कई बार मनमुटाव की खबरें आई हैं। हालांकि, चेतन का कहना है कि दोनों धाकड़ खिलाड़ियों में कोई टकराव नहीं है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच कोई तकरार नहीं है। वे एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं। बस उनमें थोड़ा ईगो है यह अमिताभ और धर्मेंद्र के बीच जैसा मामला है।



# प्रेसीडेंट कप विजेता भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का हुआ सम्मान

**नई दिल्ली,17 फ रवरी 2023।** जार्डन के अम्मान में सात से 14 फरवरी तक खेली गयी तृतीय वेस्ट एशियन (प्रेसिडेंट कप) महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर स्वदेश लौटी भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का यहां एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया।
नई दिल्ली के आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में वरिष्ठ खेल प्रशासक अनिल खन्ना ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का माल्यार्पण करके और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा भारतीय टीम ने विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मुझे विश्वास है कि निकट भविष्य में आप के प्रदर्शन में और सुधार होगा और वर्ल्ड लेवल पर भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने में सफल होंगे।
इस दौरान मौजूद हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए.जगनमोहन राव व कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने भारतीय टीम की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों व टीम कोचेज सचिन चौधरी, मोहम्मद तौहीद, प्रिया दीप सिंह और मैनजर परमेंद्र सिंह को भी बधाई दी।
टीम की इस सफलता पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा.तेजराज सिंह व कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने भी शुभकामना दी। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की संयुक्त सचिव स्वाति शुक्ला, मुख्य कोच मोहिंदर लाल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति शुक्ला, 100 स्पोर्ट्स की प्रतिनिधि हिमांशी नैन, पप्पल गोस्वामी व विवेक गिरी भी मौजूद थे।

# उनाडकट-सकारिया की घातक गेंदबाजी

**कोलकाता ,17 फ रवरी 2023।** कप्तान जयदेव उनाडकट (44/3) और चेतन सकारिया (33/3) की घातक गेंदबाजी के दम पर सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी 2022-23 के फाइनल की पहली पारी में बंगाल को मात्र 174 रन पर ऑलआउट कर दिया। सौराष्ट्र ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट के नुकसान पर 81 रन बना लिये और उसे पहली पारी की बढ़त लेने के लिये सिर्फ 93 रन की जरूरत है।
सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और घरेलू मैदान पर खेल रही बंगाल का बुरा सपना पहले ओवर से ही शुरू हो गया। उनाडकट ने दिन की पांचवीं गेंद पर ही अभिमन्यू ईश्वरन को आउट किया, जबकि सुमंत गुप्ता और सुदीप घारामी अगले ओवर में सकारिया का शिकार हो गये।



इसके बाद उनाडकट ने कप्तान मनोज तिवारी को मात्र सात रन पर पवेलियन भेज दिया जबकि चिराग जानी की गेंद पर अभिषेक मजूमदार (16) के आउट होने से बंगाल की आधी टीम पवेलियन लौट गयी।
बंगाल का स्कोर 34/5 होने के बाद हालांकि शाहबाज़ अहमद ने पारी को संभाल लिया। शाहबाज़ ने आकाश घटक (17) के साथ छठे विकेट के लिये 31 रन जोड़े जबकि अभिषेक पोरेल (50) के साथ 101 रन की बहुमूल्य साझेदारी की।
शाहबाज़-पोरेल की साझेदारी पहले दिन बंगाल के लिये एक मात्र सकारात्मक चीज रही। शाहबाज़ ने अपनी जुझारू पारी में 112 गेंदें खेलकर 11 चौकों के साथ 69 रन बनाये, जबकि पोरेल ने 98 गेंदों पर आठ चौके लगाकर 50 रन की पारी खेली।
चिराग ने शाहबाज़ को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। उनका विकेट गिरने के बाद बंगाल सिर्फ आठ रन ही जोड़ सका और 174 रन पर ऑलआउट हो गया।
दिन का खेल खत्म होने से पूर्व सौराष्ट्र के लिये बल्लेबाजी करने उतरे जय गोहली (छह) और विश्वराज जडेजा (25) आउट हो गये, हालांकि सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने मोर्चा संभाले रखा। देसाई 38 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं, जबकि उनके साथ नाइट वॉचमैन सकारिया दूसरे छोर पर दो रन बनाकर नाबाद हैं। पहली पारी में बढ़त बनाने पर सौराष्ट्र यह मुकाबला ड्रॉ होने पर भी रणजी ट्रॉफी जीत सकता है, हालांकि सिर्फ एक दिन के खेल के बाद कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने किया सेल्स क्रिकेट लीग का आयोजन

**नई दिल्ली, 17 फरवरी 2023।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने हाल में देश भर में फैले सेल्स कर्मियों के लिये एक अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीएचएल सेल्स क्रिकेट लीग का आयोजन किया।
इस टूर्नामेंट में 16 राज्यों की टीमों और खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खिलाड़ी भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। इस मैत्री मैच श्रृंखला का आयोजन देश भर में फैली सेल्स टीमों के बीच उत्साह बढ़ाने और उनमें आपसी तालमेल बिठाने तथा क्रिकेट के लिये उनके जुनून का प्रदर्शन करने के लिये किया गया।
सेल्स क्रिकेट लीग की शुरुआत सात जनवरी 2023 को हुई और दिल्ली स्थित जामिया मिलिया क्रिकेट स्टेडियम में 12 फरवरी, 2023 को खिताबी मैच के साथ इसका समापन हुआ। गुजरात से लेकर बेंगलुरु और लखनऊ से लेकर तेलंगाना तक अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिये अलग-अलग नामों से टीमों का गठन किया गया था। फाइनल मैच में फाइनलिस्ट टीमों का उत्साह बढ़ाने के लिये 300 से अधिक कर्मचारी अपने-अपने परिवार के साथ स्टेडियम में उपस्थित रहे।
गुजराज टीम (गुजरात और राजस्थान) ने फाइनल मैच में केरल कोम्बंस को हराकर ट्रॉफी जीती।इस टूर्नामेंट में उपस्थित रही केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस की मुख्य वितरण अधिकारी तरन्नुम हसीब ने कहा, यह समझना ज़रूरी है कि सेल्स कर्मियों के लिये व्यापार बैठकों से अलग एक मंच पर मिलना और एक-दूसरे के साथ अपने विचार साझा करना कितना कठिन होता है। सीएचएल सेल्स क्रिकेट लीग में 16 राज्य एक साथ आये जहां 15 टीमों ने गौरवशाली ट्रॉफी के लिये एक-दूसरे को हराने की कोशिश की। यह कर्मचारियों के दम-ख़म और टीम वर्क का प्रदर्शन करने वाला एक शानदार टूर्नामेंट था जो फील्ड में और फील्ड के बाहर आगे बढ़ने के लिये बहुत ज़रूरी है।



# अजित की फिल्म एके62 में देरी,एके 63 के निर्देशक होंगे विष्णुवर्धन

अजित कुमार की 2023 की शुरुआत पोंगल रिलीज, थुनिवु के साथ अच्छी रही, जो एक बड़ी हिट साबित हुई। हालांकि, एके 62 की योजनाओं में बदलाव ने प्रशंसकों और फिल्म उद्योग को झटका दिया। इस फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि विग्नेश शिवन को इस प्रोजेक्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है और अब इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मगिज्न थिरुमनी को सौंप दी गई है। विग्नेश शिवन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एके 62 प्रोजेक्ट को हटा दिया है, जो यह दर्शाता है कि वह अब इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं है।25 जनवरी से इस बात को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि लायका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित एके 62 का निदेशक कौन होगा।
फिल्म उद्योग में यह कहानी चल रही है कि विग्नेश शिवन द्वारा दी गई एके 62 की पटकथा से अजित कुमार खुश नहीं थे और परिवर्तनों के अनुरोध के बावजूद, स्क्रिप्ट पर दोबारा काम नहीं किया गया। जाहिर तौर पर अजित ने लाइका के प्रमुख, सुबास्करन के साथ लंदन में एक बैठक की और एक नए निदेशक के लिए कहा।
अजित कुमार कथित तौर पर एके 62 के लिए जिस निर्देशक को चाहते थे, वह विष्णुवर्धन थे। लेकिन विष्णुवर्धन के अन्य प्रोजेक्ट्स में व्यस्त होने के कारण निर्देशक मागीज थिरुमेनी, जिनके पास एक अच्छी पटकथा थी, को शामिल किया गया था। लाइका ने इन सभी परिवर्तनों के बाद इस परियोजना पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, इसलिए सोशल मीडिया पर प्रशंसक एके 62 के अपडेट के लिए जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिल्म उद्योग के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि परियोजना की घोषणा करने में उन्हें कुछ सप्ताह - शायद - लगेंगे, क्योंकि सब कुछ बदल गया है और अजित ने भी स्पष्ट रूप से मागीज को थुनिवु की तुलना में एक बड़ी एक्शन फिल्म बनाने के लिए कहा है। बताया जा रहा है कि मागीज अभी लंदन में हैं और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।
अब जबकि एके 62 में एक नया निर्देशक है, जिसके चलते संगीतकार के साथ-साथ अन्य तकनीशियनों में भी परिवर्तन किया जाएगा। इसके साथ ही फिल्म की पूरी कास्ट बदली जाएगी। एक बार इन सभी लोगों के प्रोजेक्ट पर सहमति मिलने के बाद लाइका द्वारा घोषणा की जाएगी।इंडस्ट्री में दूसरी बड़ी खबर यह है कि एके 63 के निर्देशक विष्णुवर्धन के होने की संभावना है। जब अजित निर्देशक में बदलाव चाहते थे, लाइका ने स्पष्ट रूप से विष्णुवर्धन को फोन किया, जिन्होंने उन्हें बताया कि वह इस साल धर्मा प्रोडक्शंस के लिए एक हिंदी फिल्म पर काम कर रहे हैं और उनके पास तारीखें नहीं हैं।अजित और विष्णुवर्धन ने अपनी दो फिल्मों, बिल्ला और अरामबम के बाद बहुत अच्छा तालमेल साझा किया।



# बम डीगी डीगी गर्ल ने शॉर्ट ड्रेस में झुक-झुककर दिए ऐसे पोज

एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया का पारा हाई करने में लगी हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में लेटेस्ट तस्वीरों में उन्होंने एक बार फिर अपने सेक्सी लुक से लाइमलाइट बटौर ली है। इन तस्वीरों में उनकी बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपने हालिया फोटोशूट के दौरान की तस्वीरों में बेहद ही ग्लैमरस लुक फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों में साक्षी मलिक ने प्रिंटेड लुक में शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो अपना स्टाइलिश क्रिस क्रॉस लुक में बैक फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उन्होंने अपनी इन तस्वीरों में नीचे बैठकर कैमरे के सामने झुक-झुकर बेहद ही किलर पोज दिए हैं। साल 2018 में आई कार्तिक आर्यन की फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के गाने बम डीगी डीगी में नजर आने के बाद एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने खूब सुर्खियां बटोरी। बता दें कि एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर भी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपने स्टनिंग लुक से फैंस को दीवाना बनाने का काम करती हैं। हालांकि इस लुक में साक्षी की खूबसूरती का कोई जवाब नहीं है, साथ ही उनका ये अवतार काफी कातिलाना लग रहा है।












# भाजपा के प्रदर्शन से पूरे छत्तीसगढ़ में हुआ चक्काजाम



### राहगीर हुए हलाकान,थम गए गाड़ियों के पहिये

**रायपुर,17 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में आज भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा प्रदर्शन किया जिसके बाद पूरे प्रदेश में गाड़ियों के पहिये थम गए। पूरे राज्य में लगभग 400 जगहों पर ये प्रदर्शन किये गए जिसमें कार्यकर्ता से लेकर कई बड़े नेता तक शामिल हुए। आज भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में हो रहे भाजपा नेताओं की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है।

भाजपा का चक्काजाम प्रदर्शन आज दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चला। बस्तर संभाग के सात जिलों में भी चक्काजाम कर पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। बीजेपी ने बस स्टैंड के पास भी प्रदर्शन किया जिसकी वजह से वहां से निकलने वाली बसों को निकलने में काफी मुश्किल हुई। बसों की भीड़ की वजह से छोटी मोटी गाड़ियों को भी निकलने में काफी तकलीफ हुई।

बता दें कि प्रदर्शन की वजह से फाफाडीह चौक, तेलीबांधा चौक, भगत सिंह चौक, रावण पुतला के पीछे रिंग रोड नंबर 1, सुंदर नगर चौक, बुढ़ापारा चौक बिजली ऑफिस, कपूर होटल के पास केनाल रोड, टाटीबंध चौक समेत कई जगह प्रदर्शन हुए। इस मौके पर भारी तादात में पुलिस बल मौजूद रहा।

### पूरा शहर जाम,मोहन मरकाम की गाड़ी के सामने कूदे भाजपाई

बस्तर में नक्सलियों के द्वारा बीते सप्ताह छह दिन के अंदर तीन भाजपा नेताओं की हत्या कर दी गई। इसे लेकर भाजपा राजधानी रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, बस्तर सहित प्रदेशव्यापी चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन कर रही है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत आसपास के तमाम बड़े शहरों में भारतीय जनता पार्टी ने चक्काजाम विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश की 78 विधानसभा के 400 से ज्यादा जगहों पर किया गया है।

रायपुर में विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा के नेता कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम से भिड़ गए। दरअसल जगह-जगह भाजपा के नेता सड़क पर चक्काजाम कर रहे थे। सिविल लाइन इलाके की कैनाल रोड से मोहन मरकाम अपनी गाड़ी से रवाना हुए तो भाजपा कार्यकताओं की नजर पड़ी। भाजपा कार्यकताओं ने मोहन मरकाम का भी रास्ता रोकना चाहा। इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस के साथ भाजपा नेताओं की झूमाझूटकी भी हुई । जैसे तैसे मोहन मरकाम की कार को दूसरी दिशा में भेजना पड़ा। इस दौरान मोहन मरकाम के खिलाफ भाजपा नेता नारेबाजी करते रहे। 2 घंटे तक चला विरोध प्रदर्शन चलता रहा।

रायपुर के शंकर नगर चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह खुद भाजपा नेताओं के साथ मौजूद थे। शहर के शंकर नगर इलाके में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में चक्काजाम किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामविचार नेताम ने रामानुजगंज बस स्टैंड के पास नेशनल हाईवे 43 जाम कर दिया।

रायपुर के रिंग रोड नंबर 1 पर सांसद सुनील सोनी धरना दे रहे थे। लगभग 2 से ढाई घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क पर तमाम बसों और ट्रकों को रोक दिया गया। सड़क पर आवाजाही करने वाली बाइक और कारों को भी भाजपा नेताओं ने रोक दिया।

### सारा शहर जाम

दोपहर 2:00 बजे से ही अलग-अलग इलाकों में भारतीय जनता पार्टी के नेता सड़कों पर बैठना शुरू हो गए थे। लगभग शाम 4:00 बजे तक यह विरोध प्रदर्शन अलग-अलग इलाकों में चला । इसके बाद भी काफी देर तक सड़कों पर जाम लगा रहा। हाईवे से लेकर शहर के अंदरूनी इलाकों में भी लोग ट्रैफिक जाम से परेशान होते रहे।

## सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ मिलेट कार्निवल का किया शुभारंभ



**रायपुर,17 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ मिलेट कार्निवल का शुभारंभ किया। कार्निवाल का आयोजन सुभाष स्टेडियम में 17 से 19 फरवरी तक होगा।

कुछ देर बाद मुख्यमंत्री शाम 7.15 बजे मुख्यमंत्री निवास से प्रस्थान कर शाम 7.30 बजे मीडिया सिटी महोबा बाजार पहुंचेंगे और वहां आयोजित शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात महोबा बाजार से प्रस्थान कर रात्रि 8.15 बजे मुख्यमंत्री निवास वापस आएंगे। मिलेट को लोगों के दैनिक आहार में शामिल करने तथा इसके पोषक तत्वों के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से हो रहा है कार्निवाल का आयोजन।

कार्निवाल में मिलेट फूड कोर्ट में आम नागरिक मिलेट के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे लोग।

कार्निवाल में मिलेट स्टार्ट-अप अपने पैकेज्ड मिलेट उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

कार्निवाल में जनजागरूक के लिए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा नुक्कड़ नाटक और स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। देश के चर्चित शेफ मिलेट के नए-नए स्वादिष्ट व्यंजन बनाना भी सिखाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाई कोर्ट ने न्यायाधीश के पदों पर पदोन्नति के लिए सूची की जारी



**बिलासपुर,17 फरवरी 2023 (ए)।** न्यायाधीश पदों पर पदोन्नति हेतु सूची हाई कोर्ट ने जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा नियम 2006 के तहत वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश के पदों पर पदोन्नति हेतु वर्ष 2021 के चयनित उम्मीद्वारों की सूची जारी की गई है।

चयनित उम्मीद्वारों में गिरीश पाल सिंह, मंजू लता सिन्हा, बरखा रानी वर्मा, गुलपन राम यादव, कु. अमिता जायसवाल, सत्यानंद प्रसाद, अमृता दिनेश मिश्रा, खिलेश्वरी सिन्हा, भगवान दास पनिका एवं कु. नेहा उसेंडी शामिल हैं। उक्त सूची का अवलोकन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट एचटीटीपीएसः//हाईकोर्ट.सीजी.जीओव्ही.आईएन पर भी किया जा सकता है।

# छत्तीसगढ़ में नशा करना पड़ेगा महंगा

» हुक्का बार संचालन करने पर दर्ज होगा गैर-जमानतीय अपराध,

» प्रदेश में लागू किया गया ये बड़ा नियम

**रायपुर,17 फरवरी 2023 (ए)।** प्रदेश में हुक्का बार का संचालन अवैध घोषित कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाते हुये राज्य में एक स्वस्थ वातावरण के निर्माण की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। हुक्का बार संचालन की रोकथाम के लिए अधिनियम में संशोधन करते हुए कठोर प्रावधान किए गए हैं। संशोधित अधिनियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। प्रदेश के विभिन्न भोजनालय, होटल, रेस्टॉरेन्ट आदि सहित अन्य जगहों पर संचालित हुक्का बारों में फ्लेवरयुक्त सामग्री के अलावा तम्बाकू एवं अन्य मादक द्रव्यों के उपयोग किये जाने से युवा पीढ़ी सहित आमजन आकर्षित होकर अपने स्वास्थ्य का नुकसान करने की जानकारी प्राप्त हो रही थी। इसलिए इन हुक्का बारों पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक लग रहा था।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवैध गतिविधि पर संज्ञान लेते हुये हुक्का बारों पर कठोर कार्यवाही करने और समस्त हुक्का बारों को बंद किये जाने के निर्देश दिये गये थे। मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये निर्देशों के परिपालन में पुलिस



विभाग ने समस्त हुक्का बारों पर कठोर कार्यवाहियां की गई तथा प्रदेश के समस्त हुक्का बारों को बंद कराया ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्देश दिया गया कि उपरोक्त अधिनियम में वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुये आवश्यक संशोधन किया जाये, ताकि युवा पीढ़ी इस प्रकार के नशे की आदि न हो सके। निर्देशों को गंभीरता से लेते हुये भारत सरकार के ÷सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003'' में आवश्यक संशोधन का प्रारूप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तैयार किया गया। अधिनियम के संशोधन प्रस्ताव को छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा पारित किये जाने के पश्चात् सक्षम अनुमति प्राप्त की गई। छत्तीसगढ़ राज्य के विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा 10 फरवरी 2023 को अधिनियम का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में किया गया। संशोधन अधिनियम के तहत राज्य में किसी भी प्रकार के हुक्का बार के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही किसी भी सामुदायिक हुक्का बार में हुक्का या नरगिल के माध्यम से धुम्रपान को भी निषिद्ध किया गया है। हुक्का बार के संचालन पाये जाने पर हुक्का बार के विषय या साधन के रूप में उपयोग की जाने वाली किसी भी सामग्री या वस्तु को जप्त करने का प्रावधान किया गया है।

जो कोई भी व्यक्ति हुक्का बार का संचालन करते पाया जाएगा उसके विरूद्ध गैर-जमानतीय अपराध कायम होगा तथा वह ऐसे कारावास जो कि 03 वर्ष तक का हो सकेगा, किन्तु 01 वर्ष से कम नहीं होगा और जुर्माना, जो कि 50 हजार रुपये तक का हो सकेगा, किन्तु जो 10 हजार रुपये से कम का नहीं होगा, से दण्डनीय होगा। इसी तरह जो कोई व्यक्ति हुक्का बार में हुक्का के माध्यम से धुम्रपान करते हुये पाया जाता है तो वह ऐसे जुर्माना, जो कि 5 हजार रुपये तक हो सकेगा, किन्तु जो एक हजार रुपये से कम नहीं होगा, से दण्डित किया जाएगा। यह संशोधन अधिनियम तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है। अधिनियम के कठोर प्रावधानों से हुक्का बारों के संचालन एवं हुक्का बारों में सम्मिलित होकर हुक्कापान करने की प्रवृत्ति पर निश्चित रूप से प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।



# राजधानी में गरजे भक्त चरण दास

» बोले- हम अडानी के हैं कौन?


» कांग्रेस ने देशभर में खोला मोर्चा

**रायपुर,17 फरवरी 2023 (ए)।** कांग्रेस ने हिंडनबर्ग मामले को लेकर देशभर में मोर्चा खोल दिया। पार्टी के दिग्गज नेता देश के 23 प्रमुख शहरों में प्रेस कान्फ्रेन्स के जरिए अपनी बात रख रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के सहयोग से कांग्रेस अपने आरोपों को मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुचाने के प्रयास में सहयोग कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता भक्त चरणदास और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आज रायपुर के राजीव भवन में प्रेस कान्फ्रेंस की।

मुद्दों से ध्यान भटका रहे पीएम मोदी भक्त चरणदास ने अडानी मामले की जेपीसी से जांच कराने की मांग करते हुए पीएम मोदी पर तंज कसा कि हम अडानी के हैं कौन? साथ ही कहा कि मोदी सरकार ने पहले तो लोगों को सपना दिखाया। फिर देश के मानव संसाधनों को कमजोर किया। हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन नौकरी मिली नहीं।

भक्त चरणदास ने अडानी मामले की जेपीसी से जांच कराने की मांग करते हुए पीएम मोदी पर तंज कसा कि हम अडानी के हैं कौन? साथ ही कहा कि मोदी सरकार ने पहले तो लोगों को सपना दिखाया। फिर देश के मानव संसाधनों को कमजोर किया। हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन नौकरी मिली नहीं। देश के मुद्दों से ध्यान भटकाने बांटने वाले मुद्दों को उठा रहे हैं ।

# भिलाई की एक बस्ती में 4 गैस सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग,30 घर जलकर खाक



**भिलाई, 17 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक बस्ती में आग लगने से 30 घर जलकर राख हो गए हैं। आग लगने से लोगों के घरों का सारा सामान जलकर खाक हो गया है। आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

मामला हास्पिटल सेक्टर का है। यहां स्थित झुग्गी में शुक्रवार रात 2 बजे के आसपास भीषण आग लग गई। जिस दौरान आग लगी लोग अपने-अपने घरों में गहरी नींद में थे।

आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपने घरों से बाहर निकले ही थे कि एक-एक करके 4 सिलेंडर ब्लास्ट हो गए और देखते ही देखते पूरी बस्ती आग का गोला बन गई।

किसी भी व्यक्ति को अपना कोई भी सामान बाहर निकालने का मौका तक नहीं मिला। पीड़ितों के मुताबिक वे पहनने का कपड़ा भी बचा नहीं पाए। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल के अमले ने आग पर काबू पाया तब तक लोगों का सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया। घर में रखे सारे सामान, रुपये पैसे, गहने जेवर, गाड़ियां सब कुछ आग की भेंट चढ़ गई।

शुक्रवार सुबह जिला प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय विधायक और महापौर भी घटना स्थल पहुंचे। पीड़ितों ने अधिकारियों से घर देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया है। फिलहाल आग कैसे लगी ये पता नहीं चल पाया है लेकिन लोगों का कहना है कि शायद कचरे के ढेर में आग लगने से ही पूरा हादसा हुआ है।

## आम आदमी पार्टी मिशन छत्तीसगढ़ की शुरुआत 19 मार्च से

### सीएम अरविंद केजरीवाल करेंगे चुनाव अभियान का अगाज

**रायपुर17 फरवरी 2023 (ए)।** मिशन 2023 की तैयारी के लिए आम आदमी पार्टी के मिशन छत्तीसगढ़ की शुरुआत 19 मार्च से होगी। चुनावी बिगूल फूंकने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 मार्च को रायपुर आएंगे। यहां वे कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। उसके बाद 23 मार्च तक प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन में बूथ कमेटियों को रिचार्ज किया जाएगा।

दिल्ली और पंजाब की तरह बड़े उलटफेर की उम्मीद लिए आप पार्टी छत्तीसगढ़ में भी दिख रही है। पार्टी ने अब तक सभी जिलों, लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में अपनी इकाइयों का गठन कर लिया है। ये इकाइयां बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं को भाजपा, कांग्रेस की सरकारों का अंतर बताते हुए आप को एक अवसर देने का आग्रह कर रहे हैं।

आप के प्रदेश प्रभारी संजीव झा 3 बार कर चुके हैं छत्तीसगढ़ का दौरा बता दें कि छत्तीसगढ़ के प्रभारी संजीव झा ने करीब तीन बार पूरे प्रदेश का दौरा पूरा कर लिया है। वे इस समय कार्यकर्ता सम्मेलन में व्यस्त हैं। पार्टी ने मुंगेली मूल के डा. पाठक को राज्य सभा सांसद बनाकर उन्हें छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का जिम्मेदारी सौंपी है।

# 7 ट्रेनी आईपीएस को फील्ड ट्रेनिंग के लिए मिली पोस्टिंग

**रायपुर17 फरवरी 2023 (ए)।** बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अफसरों की हैदराबाद पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग पूरी हो गयी है। अब छत्तीसगढ कैडर के 7 अफसरों को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में फील्ड ट्रेनिंग के लिए पोस्टिंग दी गयी है। ये नव चयनित अधिकारी अब आईजी, एडीजी व एसपी रैंक के स्तर के अधिकारी की निगरानी में पुलिसिंग के गुर सीखेंगे। होम कैडर के आईपीएस प्रशांत कुमार शुक्ला को फील्ड ट्रेनिंग के लिए रायपुर में पोस्टिंग दी गयी है। उनके मेंटर आईजी अजय यादव और ट्रेनर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल होंगे। वहीं चिराग जैन को पोस्टिंग सरगुजा में दी गयी है, जहां उनके मेंटर आईजी



रामगोपल गर्ग होंगे, जबकि ट्रेनर एसपी भावना गुप्ता होंगी। उसी तरह अमन कुमार रमन कुमार झा को बिलासपुर में फील्ड पोस्टिंग मिली है। उनके मेंटर आईजी बीएल मीणा और एसपी ट्रेनर संतोष कुमार सिंह होंगे। रविंद्र कुमार मीणा को बस्तर में पोस्टिंग मिली है, उनके मेंटर आईजी सुंदरराज पी होंगे, जबकि ट्रेनर एसपी जितेंद्र मीणा होंगे। रोहित कुमार शाह को कोरबा में पोस्टिंग मिली है, जिनके मेंटर एडीजी प्रदीप गुप्ता होंगे, जबकि एसपी ट्रेनर उदय किरण होंगे। उदित पुष्कर को रायगढ़ ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है, उनके मेंटर एडीजी विवेकानंद सिन्हा होंगे, जबकि एसपी ट्रेनर सदानंद कुमार होंगे। वहीं उमेश प्रसाद गुप्ता को दुर्ग भेजा गया है, उनके मेंटर आईजी आनंद छाबड़ा और एसपी ट्रेनर अभिषेक पल्लव होंगे।

# जंगल से भटककर तेंदुआ पहुंचा गांव



» मचा हड़कंप,

» पिंजरे में मुर्गा बांधकर किया रेस्क्यू

» ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**बिलासपुर 17 फरवरी 2023 (ए)।** जंगल से तेंदुआ रास्ता भटककर गांव में पहुँचा। तेंदुए को गांव में देखकर ग्रामीण दहशत में आ गए। शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर पेंडारी अंतर्गत ग्राम बिनौरी में दबे पांव घात लगाकर फॉर्म हाउस के पास एक नहर के पाइप में बैठे तेंदुएं को आखिरकार रेस्क्यू टीम ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि 7 फरवरी से ग्राम बिनौरी में एटीआर या फिर कोटा के जंगल से भटककर एक तेंदुआ आकर अपना बसेरा बनाकर रह रहा था।

जिसे देखकर बिनौरी ग्राम में हड़कम्प का माहौल भी बन गया था। हालांकि तेंदुएं ने किसी को नुकसान नही पहुंचाया था।जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से कानन पेंडारी डॉक्टरों की टीम जिला प्रशासन और पुलिस की मदद लेकर ग्राम में रेस्क्यू कार्य शुरू किया। तेंदुएं के लिए एक बड़ा ट्रेप केज मंगवाया गया और उसे नहर के पाइप से सटाकर रखा गया। वह सब्जी के खेत में झाड़ियों में छुपा बैठा था। घंटों की मशक्कत के बाद भी तेंदुआ जब काबू में नहीं आया तब वन विभाग के अमले ने पिंजरे में मुर्गा बांधकर लटका दिया, वही दूसरी तरफ जाल बिछाया गया ताकि तेंदुए के भागने की आशंका ना रहे। इस तरह लगातार 5 घण्टे के मशक्कतों के बाद तेंदुएं को सुरक्षित पकड़कर कानन जू भेज दिया गया। जहां अभी उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## सालों से गायब टीचर पर गिरी निलंबन की गाज

### लाखों की धोखाधड़ी का लगा था आरोप

**रायपुर17 फरवरी 2023 (ए)।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए 9 सालों से अनुपस्थित शिक्षिका मीना श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया है. जिसका आदेश स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय ने जारी किया है. इसके आलावा शिक्षिका के ऊपर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगा था, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है.

जानकारी के अनुसार, शिक्षिका मीना श्रीवास्तव शासकीय उन्नत अध्ययन शिक्षण संस्थान बिलासपुर में पदस्थ थीं. जो 7 जुलाई 2012 से 12 मार्च 2021 तक अनुपस्थित पाई गई थी. जिन पर हेल्थ केयर कंपनी के नाम पर कई लोगों से 15 लाख की ठगी करने का आरोप था. जिसको लेकर सरकंडा थाना में शिकायत दर्ज किया गया था. विभागीय जांच के लिए संभागीय संयुक्त संचालक बिलासपुर के रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की हैं.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)